www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

2 होली महोत्सव के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

कूड़े पास खड़ी कार में लगी आग 04

वर्ष :08 | अंक :262 | मुंबई ,शनिवार ,15 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए




हमारी बड़ी भाभी गीता देवी शर्मा का आज देहावसान हो गया। परमात्मा अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि-संपादक अरविंद शर्मा

## 64 साल बाद होली-रमजान का जुमा एकसाथ

### उत्तर प्रदेश में मस्जिदें ढंकीं, इंदौर में 2000 जवान तैनात; छत्तीसगढ़ में नमाज का वक्त बदला

**होली और रमजान का जुमा**

होली और रमजान का जुमा इससे पहले 4 मार्च 1961 को एक ही दिन मनाए गए थे। 64 साल बाद 14 मार्च 2025 को फिर यह संयोग बन रहा है। त्योहारों की खुशियों में कोई विघ्न न आए। लोग आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाएं, इसके लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है। यूपी के शाहजहांपुर, संभल और बरेली में मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया है।

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** 14 मार्च को होली और रमजान का जुमा 64 साल बाद एकसाथ पड़ रहे हैं। देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में खास व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 और संभल में 10 मस्जिदों को ढंका गया है। बरेली में 5 मस्जिदें ढंकी गई हैं। उधर उत्तर प्रदेश में इंदौर के महू में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो मस्जिदों को प्लास्टिक से कवर कर दें। छत्तीसगढ़ में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के बोर्ड को पत्र भेजा गया है। इंदौर के महू में रविवार रात हुए विवाद के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर है। 21 जगहों पर होलिका दहन होना है। इन इलाकों के आसपास जहां-जहां मस्जिदें हैं, वहां पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से कहा है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो उन्हें प्लास्टिक से कवर कर दें।

**राज्यों में क्या हैं सुरक्षा इंतजाम...**

होली और रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ रहा है। अब से 64 साल पहले 4 मार्च 1961 को होली ऐसा संयोग हुआ था। इसे लेकर वढ में पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट पर है। शाहजहांपुर और संभल में मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढक दिया गया है। 12 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला गया है। इनमें शाहजहांपुर, संभल, जौनपुर, मिर्जापुर, ललितपुर, औरैया, लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर, उन्नाव, बरेली और अयोध्या शामिल हैं। अधिकतर जिलों में अब नमाज 2 से ढाई बजे के बीच पढ़ी जाएगी।

### किसी ने बिना पूछे डाला रंग, तो पड़ेगा भंग, सख्त लिया जाएगा एक्शन, जारी हुई गाइडलाइन

होली के मौके पर लोग धूमधाम और हुड़दंग मचाते हुए होली खेलते है। रंगों के इस त्योहार को लोग खुशी के साथ मनाते है। होली मनाने के लिए नए दिशानिर्देश भी जारी किए गए है। कई बार देखा जाता है कि होली की धूम में डूबकर लोग बिना सहमति के ही किसी पर भी रंग या पानी डालना शुरू कर देते है। ऐसी किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए नई गाइडालइन बनी है। इसके अनुसार अगर कोई व्यक्ति बिना सहमति के किसी पर रंग या पानी फेंकता है कि उसके खिलाफ एक्शन हो सकता है। हैदराबाद सिटी पुलिस ने 14 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा जिसके लिए सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जानी है। इसके लिए सख्त गाइडलाइन जारी की गई है।पुलिस द्वारा जारी नई गाइलाइन की मानें तो बिना सहमति के किसी पर भी रंग या पानी फेंकना मना है। वाहनों, लोगों या सार्वजनिक स्थान पर रंग डालना और व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करना परेशानी में डाल सकता है। व्यवधान उत्पन्न करने वालों की आवाजाही पर भी पाबंदी लगाई गई है। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद की ओर से 11 मार्च को एक आदेश जारी हुआ था जिसके अनुसार 13 मार्च शाम छह बजे से 15 मार्च 2025 की सुबह छह बजे तक ये आदेश प्रभावी रहेगा।गाइडलाइन की मानें तो हैदराबाद सिटी पुलिस अधिनियम की धारा 22 के तहत इसे जारी किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए जुलूस, सभा को रोकने की व्यवस्था भी शामिल है। जो लोग इन नियमों का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदुओं का देश है हिंदुस्तान, होली पर छींटें पड़ जाए तो बर्दाश्त करें, अनिल विज का बड़ा बयान

### बीजेपी के नेता बयानबाजी में लग गए हैं. ये भी वही तर्क दे रहे हैं जो बाकी राज्यों में दिए जा रहे हैं.

होली के जश्न के बीच बयानबाजी ने त्योहारों के उत्साह में खलल डाल दिया है. यह बयानबाजी रुक नहीं रही है. अब हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने बयान दे डाला है.



एजेंसी

अंबाला : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने होली को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि हिंदुस्तान हिंदुओं को देश है, अगर होली के दिन बाहर निकलने पर छींटें पड़ जाए तो बर्दाश्त करना चाहिए.रंग पड़े तो बर्दाश्त करें : हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि ये हिंदुस्तान है. आप हिंदुस्तान में रह रहे हो. अगर इसका संधि विच्छेद करें तो ये हिंदुओं का स्थान है. अगर हिंदुओं के स्थान पर रह रहे हो तो हिंदू अपने त्योहारों को धूमधाम से मनाएंगे. अगर आप पर कोई रंग पड़ जाता है, तो आपको बर्दाश्त करना चाहिए. आपके अंदर सहनशक्ति होनी चाहिए. अनिल विज ने आगे कहा कि मैं होली नहीं खेलता, इसलिए मैं घर में ही रहता हूं और अगर बाहर जाता हूं तो थोड़े-बहुत कपड़े गीले होते हैं. उसको सहन करना पड़ता है. विज ने उदाहरण देते हुए आगे कहा कि अगर बाहर बारिश हो रही है. जो भीगना नहीं चाहता, वो घर पर बैठें.

संभल सीओ भी दे चुके बयान : अनिल विज से पहले यूपी के संभल के सीओ अनुज चौधरी ने कहा था कि जुमा साल में 52 बार आता है, जबकि होली साल में सिर्फ एक बार. सीओ अनुज चौधरी ने मुस्लिम समुदाय से ये भी अपील की थी कि अगर किसी को रंग-अबीर खेलने में दिक्कत है, तो वे घर पर ही नमाज अदा कर लें या फिर बाहर निकलें तो रंग लगाने को लेकर बुरा न मानें. उनके इस बयान को लेकर काफी ज्यादा सियासी बखेड़ा भी खड़ा हो गया था. होली के दिन जुमे की नमाज : आपको बता दें कि इस बार शुक्रवार को होली के दिन जुमे की नमाज भी है और उत्तरप्रदेश के संभल समेत बाकी जगहों पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा के बालासोर में नशे में धुत व्यक्ति ने बेटे की चाकू घोंपकर हत्या की

ओडिशा के बालासोर जिले में एक व्यक्ति ने अपने बेटे की चाकू घोंपकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना खैरा पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत नरमा गांव में बुधवार रात को हुई। पुलिस के अनुसार, जोगेंद्र सिंह शराब के नशे में घर लौटा और किसी बात पर विवाद होने पर उसने अपनी पत्नी मुनी सिंह की पिटाई करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि जब उनके बेटे राजेश (17) ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो जोगेंद्र ने गुस्से में चाकू उठाया और अपने बेटे के सीने में घोंप दिया। इसने बताया कि रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने घायल किशोर को ऊपाड़ा अस्पताल पहुंचाया और बाद में उसे सोरो अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जोगेंद्र को हिरासत में ले लिया है और फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

### दिल्ली: कनॉट प्लेस के रेस्तरां में आग लगने से छह लोग घायल

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बिक्गाने बिरयानी रेस्तरां में बृहस्पतिवार को आग लग गई, जिसमें छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डीएफएस ने पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर सूचना मिलने के बाद दमकल के छह वाहनों को घटनास्थल पर भेजा। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। अधिकारी ने बताया कि रेस्तरां के रसोईघर में एलपीजी सिलेंडर लीक होने के कारण आग लग गई।और घायलों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया है।

## पेपर लीक से 85 लाख बच्चों का भविष्य खतरे में, यह व्यवस्थागत विफलता : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यह गंभीर समस्या एक व्यवस्थागत विफलता है। इसका खात्मा सभी राजनीतिक दलों और सरकारों द्वारा मतभेद भुलाकर, मिलकर कड़े कदम उठाने से होगा।

एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेपर लीक एक व्यवस्थागत विफलता है और इसका खात्मा तब ही होगा जब सभी राजनीतिक दल एवं सरकारें मतभेद भुलाकर तथा मिलकर कदम उठाएंगे। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेपर लीक होने से छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य खतरे में है। राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य खतरे में - पेपर लीक होना हमारे युवाओं के लिए सबसे खतरनाक चक्रव्यूह बन गया है।पेपर लीक मेहनती छात्रों और उनके परिवारों को अनिश्चितता और तनाव में धकेल देता है, उनके परिश्रम का फल उनसे छीन लेता है। साथ ही यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।उन्होंने कहा कि अभी एक साल भी नहीं हुआ, जब नीट के पेपर लीक ने देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे विरोध के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार ने नए कानून के पीछे छुप कर उसे समाधान बताया, लेकिन इतने सारे हालिया लीक ने उसे भी विफल साबित कर दिया।



## तमिलनाडु सरकार ने बजट डॉक्यूमेंट में रुपए का सिंबल बदला

### भाजपा बोली- स्टालिन स्टूपिड, 'रु' सिंबल तो एमके नेता के बेटे ने ही बनाया

एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और तीन-भाषा नीति के विरोध के संदर्भ में सामने आया है। तमिलनाडु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख पहलुओं, विशेष रूप से त्रि-भाषा फामूर्ले को लागू करने से इनकार करने के परिणामस्वरूप केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत केंद्रीय शिक्षा सहायता में 573 करोड़ रुपये रोक दिए हैं।

एजेंसी



एमके स्टालिन सरकार ने राज्य के बजट लोगो में रुपये के प्रतीक को तमिल अक्षर 'रु' से बदल दिया है। यह शायद पहली बार है जब किसी राज्य ने राष्ट्रीय मुद्रा प्रतीक को हटा दिया है। यह घटनाक्रम एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और तीन-भाषा नीति के विरोध के संदर्भ में सामने आया है। तमिलनाडु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख पहलुओं, विशेष रूप से त्रि-भाषा फामूर्ले को लागू करने से इनकार करने के परिणामस्वरूप केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत केंद्रीय शिक्षा सहायता में 573 करोड़ रुपये रोक दिए हैं। स्टालिन ने बताया भगवाकरण की नीति, कहा- ये हिंदी के विकास के लिए बनाई गई है नीति नियमों के अनुसार, राज्यों को सर्व शिक्षा अभियान के लिए वित्तपोषण प्राप्त करने हेतु एनईपी के दिशानिर्देशों का अनुपालन करना होगा, जिसमें से 60 प्रतिशत धनराशि तमिलनाडु जैसे राज्यों को केन्द्र द्वारा प्रदान की जाती है। पीएम श्री योजना के तहत, संबंधित राज्य को केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना होता है कि वह एनईपी 2020 को लागू करेगा और बदले में केंद्र धन उपलब्ध कराएगा। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर राज्य सरकार के 2025-26 के बजट लोगो में रुपये के प्रतीक के बजाय तमिल अक्षर का उपयोग करने के फैसले पर निशाना साधा है।

## शांतिनिकेतन में होली खेलने पर पाबंदी

### बीजेपी का ममता पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप

शांतिनिकेतन सोनाझुरी हाट में होली समारोह पर प्रतिबंध होने से भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी नाराज. ममता बनर्जी सरकार को घेरा.

एजेंसी



कोलकाता: पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने हरियाली बनाए रखने के लिए शांतिनिकेतन सोनाझुरी हाट में होली खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया है. जिसके बाद भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार की आलोचना की है और पुलिस पर विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है. राज्य सरकार के विरोध में एक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें कहा गया कि यह क्षेत्र एक संरक्षित वन क्षेत्र है, जहां होली खेलना, कार पार्किंग, वीडियोग्राफी और ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है.इस मामले पर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रतिबंध एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है. बीरभूम जिले के एडिशनल एसपी ने आदेश दिया है कि शुक्रवार होने के कारण शांतिनिकेतन में होली समारोह सुबह 10 बजे तक समाप्त हो जाना चाहिए।

## संभल जामा मस्जिद पहुंची एएसआई की टीम

### दीवारों की नाप-जोख, शुरू हो सकती है रंगाई-पुताई

जामा मस्जिद कमेटी की याचिका पर बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिए थे रंगाई-पुताई के आदेश.

एजेंसी



संभल : शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई को लेकर एसआई की टीम शहर पहुंची. टीम ने मस्जिद की दीवारों की नाप-जोख की. फीते से लंबाई-चौड़ाई की माप ली. इस दौरान मस्जिद कमेटी के लोग भी मौजूद रहे. इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को टीम ने मस्जिद का सर्वेक्षण किया. एक सप्ताह के भीतर मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम होना है. आज से ही यह कार्य शुरू होने की उम्मीद है.

बुधवार को हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया था. एक सप्ताह के अंदर अरक की टीम को मस्जिद के खराब हिस्सों की रंगाई-पुताई कराने के आदेश दिए थे. काम पूरा होने के बाद मस्जिद कमेटी एक सप्ताह के अंदर ही एएसआई को इसका पूरा खर्च देगी. इसे लेकर गुरुवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम संभल पहुंची. टीम ने मस्जिद का सर्वेक्षण किया. इस दौरान मस्जिद कमेटी के लोग भी मौजूद रहे.संभल में एएसआई टीम ने किया मस्जिद का सर्वे. शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली ने बताया कि आज मेरठ से टीम आई है. नाप-जोख कर रही है, देख रही है कि कहां पर क्या काम कराना है, इसके इस्टीमेट बना रही है. हम सभी सहयोग कर रहे हैं।

## गुलमर्ग फैशन शो विवाद: अदालत ने फैशन ब्रांड को जारी किया नोटिस

**मॉडल पर भी लगाए गए आरोप**

श्रीनगर कोर्ट में दायर याचिका में शो में अश्लीलता, खुलेआम शराब पीने और रमजान में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है.

एजेंसी




श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पिछले सप्ताह एक विवादास्पद फैशन शो आयोजित किया गया था, जिस पर लोगों ने आपत्ति जताई थी. अब श्रीनगर की एक अदालत ने शो आयोजित करने वाले फैशन ब्रांड के निदेशकों और संपादकों को नोटिस जारी किया है. अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता आदिल नजीर खान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) श्रीनगर ने 11 मार्च को नोटिस जारी किया है ।

**खुशखबरी** बिहार सरकार ने भूमि सर्वेक्षण की समय सीमा पांच महीने बढ़ाई

## बिहार भूमि सर्वेक्षण: जमीन मालिकों के लिए खुशखबरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। बिहार सरकार ने चल रहे राज्यव्यापी भूमि सर्वेक्षण को पूरा करने की समय सीमा जुलाई 2026 से बढ़ाकर दिसंबर 2026 कर दी है। सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान जनता को होने वाली असुविधाओं को कम करने और भूमि संबंधी कार्यों का सुचारू और अधिक सटीक निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। राज्य के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने विधानसभा में कहा कि चल रहे राज्यव्यापी भूमि सर्वेक्षण की समय सीमा दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने राजस्व और भूमि सुधार विभाग के लिए 1,955.98 करोड़ रुपये के बजट प्रस्तावों पर चर्चा समाप्त करते हुए यह बयान दिया। कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बावजूद अगले वित्तीय वर्ष का बजट ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। मंत्री ने कहा कि विभाग ने राज्य भर में भूमि के सर्वेक्षण और बंदोबस्त के चल रहे काम को पूरा करने के लिए जुलाई 2026 की समय सीमा को पांच महीने बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह कवायद दिसंबर 2026 तक पूरी हो जाएगी। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और इस कवायद में पारदर्शिता भी बनी रहे। मंत्री ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण कवायद का उद्देश्य डिजिटल भूमि रिकॉर्ड उपलब्ध कराकर वास्तविक भूमि मालिकों की सहायता करना है, जिससे भूमि विवादों का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इस कवायद से सरकार को राज्य भर में फैली अपनी जमीन के बारे में भी स्पष्ट जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को भूमिहीनों को देने और कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भी जमीन की जरूरत है। मंत्री ने आगे कहा कि भूमि मालिकों के लिए अपनी जमीन से संबंधित स्व-घोषणा दस्तावेज अपलोड करने की समय सीमा 31 मार्च, 2025 है।

उन्होंने कहा, सर्वर में कुछ तकनीकी गड़बड़ियाँ थीं... विभाग यह तय करेगा कि स्व-घोषणा दस्तावेज अपलोड करने की 31 मार्च, 2025 की समय सीमा बढ़ाई जानी चाहिए या नहीं। राज्य सरकार द्वारा भूमिहीन लोगों को भूमि वितरण में कथित देरी को लेकर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

राज्य के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने विधानसभा में कहा कि चल रहे राज्यव्यापी भूमि सर्वेक्षण की समय सीमा दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है।

## राान्या राव मामले में बड़ा खुलासा, एयरपोर्ट पर मदद करने के लिए डीजीपी पिता ने दिया था निर्देश



केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे के पुलिस स्टेशन में तैनात कांस्टेबल बसवराज ने खुलासा किया कि वह रामचंद्र राव के सीधे आदेशों का पालन कर रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के आधार पर रान्या राव के लिए सुचारू आगमन और प्रस्थान सुनिश्चित करना उनके कर्तव्यों में शामिल था।

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की सहायता करने वाले प्रोटोकॉल अधिकारी ने दावा किया कि कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव, जो कि अभिनेत्री के सौतेले पिता हैं, ने उन्हें विशेष रूप से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनकी सहायता करने का निर्देश दिया था। केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे के पुलिस स्टेशन में तैनात कांस्टेबल बसवराज ने खुलासा किया कि वह रामचंद्र राव के सीधे आदेशों का पालन कर रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के आधार पर रान्या राव के लिए सुचारू आगमन और प्रस्थान सुनिश्चित करना उनके कर्तव्यों में शामिल था। बसवराज के अनुसार, उसे गिरफ्तारी के दिन शाम 6.20 बजे रान्या राव का फोन आया था। उसने उसे दुबई से आने की सूचना दी और प्रोटोकॉल सहायता का अनुरोध किया। बसवराज उस समय मौजूद था जब रान्या हवाई अड्डे से निकल रही थी, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों द्वारा उसे गिरफ्तार करने से कुछ समय पहले। 4 मार्च को, बसवराज से डीआरआई अधिकारियों ने पूछताछ की, जिन्होंने रान्या राव की गिरफ़्तारी के बाद उसे समन जारी किया था।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश को बर्बाद करते यूनुस, जिहादियों का कर रहे समर्थन

मोहम्मद यूनुस जो चाहते हैं जिहादी तत्व उन्हें वह सब मुहैया करा रहे हैं। इसी तरह जिहादियों को जो कुछ चाहिए यूनुस उन्हें वह सब दे रहे हैं। यूनुस नए सिरे से देश का संविधान बना रहे हैं। संविधान से पंथनिरपेक्षता शब्द हटाने का प्रस्ताव है। कट्टरवादी पार्टी जमाते इस्लामी के छात्र संगठन शिबिर के छात्रों ने उन्हें सत्ता में लाकर बिठाया। बांग्लादेश में छात्रों ने अपनी राजनीतिक पार्टी बना ली है। भले ही ये छात्र अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से अलग राह पर चलते दिखते हों, लेकिन उनकी पीठ पर उनका ही हाथ है। इस पार्टी में उनके अपने लोग हैं। यूनुस चाहते हैं कि चुनाव में यही पार्टी जीते। यदि ऐसा होता है तो देश के अनुभवी राजनेता हाथ मलते रह जाएंगे और यूनुस प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से सत्ता में बने रहेंगे। क्या अब यूनुस को लेकर लोगों का भ्रम टूटेगा? यूनुस ने प्रमाणित कर दिया कि नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाले लोग भी कितने अनुदार हो सकते हैं। वह नए सिरे से देश का संविधान बना रहे हैं। संविधान से पंथनिरपेक्षता शब्द हटाने का प्रस्ताव है। कट्टरवादी पार्टी जमाते इस्लामी के छात्र संगठन शिबिर के छात्रों ने उन्हें सत्ता में लाकर बिठाया। ये वे लोग थे, जो विगत जुलाई-अगस्त के छात्र आंदोलन में नेपथ्य में थे। शिक्षा परिसरों में लंबे समय से इन्होंने प्रगतिशीलों की हत्या की है। हसीना को सत्ता से हटाने के लिए छेड़े गए छात्रों के आंदोलन की मदद हिजबुत तहरीर नामक आतंकी संगठन ने की थी। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि यूनुस का संबंध किसी भी तरह जमाते इस्लामी से हो सकता है, क्योंकि वह मुक्तियुद्ध विरोधी है और 1971 में बांग्लादेश को मिली आजादी नहीं चाहता था। वह पाकिस्तानपरस्त और भारत विद्वेषी है। मेरे जैसे असंख्य लोगों ने यूनुस की छवि शांति चाहने वाले व्यक्ति की बना रखी थी। जिस व्यक्ति को शांति का नोबेल पुरस्कार मिल चुका हो, वह शांतिप्रिय नहीं होगा, तो भला कौन होगा, लेकिन सत्ता में आते ही उन्होंने भारत-विरोधी रुख अपनाना शुरू कर दिया। फिर वह बांग्लादेश के इतिहास को पूरी तरह खारिज करने के अभियान में लग गए। अगर यूनुस भले आदमी होते, तो सत्ता में आते ही सबसे पहले चुनाव आयोजित कराने के बारे में सोचते और नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर अपना पद छोड़ देते, क्योंकि उनका क्षेत्र राजनीति नहीं है, लेकिन 84 साल की उम्र में भी वह बांग्लादेश को नष्ट करने के अपने अभियान में लगे हैं। अवामी लीग के नेताओं-कार्यकताओं को खत्म करने की मंशा से उन्होंने आपरेशन डेविल हंट नाम से एक अभियान शुरू किया। अवामी लीग के छात्र संगठन पर उन्होंने पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है। अब अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह मिटा देने का उनका इरादा है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन व्यापार में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपके चारों ओर खुशियां भरपुर रहेंगी आपको व्यापार में वृद्धि देखने को मिलेगी.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है. आप दोस्तों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे और कार्य क्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे. आप अपने घर के निर्माण कार्य की योजना बना सकते हैं. बिजनेस में आप किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके खिलाफ कुछ षडयंत्र रच सकते है.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं. कुछ नए लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन टेंशनो से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा. सामाजिक क्षेत्रो में कार्यरत लोग विकास के कार्य पर आगे बढ़ेंगे. आपको संतान के करियर को लेकर टेंशन बनी रहेगी.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपके धन के रास्ते खुलेंगे. आपको किसी अनजान व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना होगा. आप यदि किसी परिजन के साथ कोई काम करना चाहते हैं, तो उसमें आपको अच्छी सफलता हासिल होगी.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों को कल कार्य क्षेत्र में काफी संघर्षों के बाद राहत मिलेगी. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. कार्य क्षेत्र में आपको किसी लिए गए फैसले के लिए पछतावा होगा. आपको अपने पिताजी से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी. आप किसी विरोधी की बातों में ना आए. बिजनेस में कुछ उलझनो के बावजूद आप अच्छा लाभ कमाएंगे

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जो जातक रोजगार में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं, तो उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है. आपको कार्य क्षेत्र में किसी काम के लिए कोई सम्मान की प्राप्ति होगी.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी. आपको किसी महत्वपूर्ण परियोजना में धन लगाना होगा. जीवन साथी को करियर में तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन साहस व प्राक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपको अच्छे कामों में सफलता मिलेगी. सामाजिक व राजनीतिक कामों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा. आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है. आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा. आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है. आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. परिवार में किसी सदस्य से आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है

**मीन राशि :** मीन राशि के जातक कल कुछ नए अनुबंध स्थापित करेंगे. आप लोगों के ऊपर आत्मनिर्भर ज्यादा ना रहे, नहीं तो आपको काम को पूरा करने में समस्या आएगी. राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा. आपके कामों की सराहना होगी और आपके घर किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी हो सकती हैं. आपको किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अपने पिताजी से सलाह मश्वरे की आवश्यकता होगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# होली महोत्सव के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

> भारत की संस्कृति अत्यंत श्रेष्ठ भी इसीलिए ही कही जाती है कि यहां आपसी सामंजस्य का बोध है। यहां के सभी त्यौहार आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देने वाले होते हैं। इसी प्रकार रंगों का पर्व होली का त्यौहार भी सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं

भारत भूमि के संस्कार वास्तव में एक ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्यौहार हर वर्ष पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्यौहारों को भूलते जा रहे हैं। त्यौहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है वह निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। भारत के प्रमुख त्यौहारों में शामिल होली को पूरा भारत देश मनाता है। होली के त्यौहार का सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह वर्ष में हुए परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। भारत की संस्कृति अत्यंत श्रेष्ठ भी इसीलिए ही कही जाती है कि यहां आपसी सामंजस्य का बोध है। यहां के सभी त्यौहार आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देने वाले होते हैं। इसी प्रकार रंगों का पर्व होली का त्यौहार भी सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार से व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। इस त्यौहार पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता हुआ दिखाई देता है।
वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्यौहार की




मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्यौहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाई चारा वाला स्वरूप कैसे दिखाई देगा।
होली के इस पावन पर्व पर हमारे समाज के कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते हुए दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से देश के कई भागों में होली के अवसर पर लड़ाई झगड़े होते हुए भी दिखाई देने लगे हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता हुआ दिखाई देता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्यौहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकास को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरण्यकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई प्रकार के विकास समाहित हो गए थे।
भगवान के भक्त प्रह्लाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहम को समाप्त नहीं किया। रंगों का पर्व होली हिन्दुओं का पवित्र त्यौहार है। यह मौज-मस्ती व मनोरंजन का त्योहार है। सभी हिंदू जन इसे बड़े ही उत्साह व सौहार्दपूर्वक मनाते हैं। यह त्योहार लोगों में प्रेम और भाईचारे की भावना उत्पन्न करता है। जिस प्रकार बसंत के मौसम में रंग बिखरते हैं, उसी प्रकार से होली के अवसर पर भी रंग बिखरते हुए दिखाई देते हैं। रंगों का अर्थ है, मन में बसंत की बहार का उल्लास। अगर होली के अवसर पर हमारे मन में उल्लास नहीं है तो फिर होली के मायने ही क्या हैं? इसलिए होली पर मन की प्रफुल्लता बहुल जरूरी है। प्राकृतिक रूप से फाल्गुन की पूर्णिमा ही नहीं अपितु पूरा फाल्गुन मास होली के रंगों से सराबोर हो जाता है। होली का त्योहार ज्यों-ज्यों निकट आता जाता है त्यों-त्यों हम नए उत्साह से ओत-प्रोत होने लगते हैं। होली का पर्व प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस पर्व का विशेष धार्मिक, पौराणिक व सामाजिक महत्व है। इस त्योहार को मनाने के पीछे एक पौराणिक कथा प्रसिद्ध है।
प्राचीनकाल में हिरण्यकश्यप नामक असुर राजा ने ब्रह्मा के वरदान तथा अपनी शक्ति से मृत्युलोक पर विजय प्राप्त कर ली थी। अभिमानवश वह स्वयं को अजेय समझने लगा। सभी उसके भय के कारण उसे ईश्वर के रूप में पूजते थे परंतु उसका पुत्र प्रह्लाद ईश्वर पर आस्था रखने वाला था। जब उसकी ईश्वर भक्ति को खंडित करने के सभी प्रयास असफल हो गए तब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को यह आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर जलती हुई आग की लपटों में बैठ जाए, क्योंकि होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। परंतु प्रह्लाद के ईश्वर पर दृढ़-विश्वास के चलते उसका बाल भी बांका न हुआ बल्कि स्वयं होलिका ही जलकर राख हो गई। तभी से होलिका दहन परंपरागत रूप से हर फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस बात से कहा जा सकता है कि कुटिलता पूर्वक चली गई चाल कभी सफल नहीं हो सकती है। भगवान की भक्ति के समक्ष सारी कुटिलता धरी की धरी रह जाती है। हम सभी भगवान की भक्ति के समक्ष कुछ भी नहीं हैं। व्यक्ति वाहे कितना भी सामर्थ्यवान हो जाए, लेकिन जिन लोगों पर भगवान का आशीर्वाद है, उनका कभी कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। होलिका दहन के दिन रंगों की होली होती है जिस दुल्हैड़ी भी कहा जाता है। इस दिन बच्चे, बूढ़े और जवान सभी आपसी वैर भुलाकर होली खेलते हैं। सभी होली के रंग में सराबोर हो जाते हैं। वे एक-दूसरे पर रंग डालते हैं तथा गुलाल लगाते हैं। ब्रज की परंपरागत होली तो विश्वविख्यात है जिसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। ब्रज क्षेत्र में होली का पर्व देखते ही बनता है। कहा जाता है कि भारत में जिसने ब्रज की होली नहीं देखी उसने कुछ भी नहीं देखा।
होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना का त्योहार है परंतु कुछ असामाजिक तत्व प्रायः अपनी कुत्सित भावनाओं से इसे दूषित करने की चेष्टा करते हैं। वे रंगों के स्थान पर कीचड़, गोबर अथवा वार्निश आदि का प्रयोग कर वातावरण को बिगाड़ने की चेष्टा करते हैं। ऐसे लोग होली के मूल और सांस्कृतिक स्वभाव को बिगाड़ने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं। वास्तव में ऐसे लोगों को होली से कोई मतलब नहीं है। होली पर नशा करना भी आज देखा जा रहा है, कभी-कभी शराब आदि का सेवन कर महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ की कोशिश करते हैं। हमें ऐसे असामाजिक तत्वों से सावधान रहना चाहिए।
आवश्यकता है कि हम सभी एकजुट होकर इसका विरोध करें ताकि त्योहार की पवित्रता नष्ट न होने पाए। ऐसे लोगों से हम यही कहना चाहते हैं कि उन्हें होली की पवित्रता को ध्यान में रखकर ही होली मनानी चाहिए। जिस प्रकार से भगवान नरसिंह ने धरती से बुराई का नाश किया, उसी प्रकार से हम भी अपने समाज में फैली बुराइयों का अंत करने में सहयोग करें। इसके लिए सबसे पहले अपने स्वयं के भीतर बुराई का त्याग करना होगा। तभी होली का सार्थकता मानी जाएगी। होली का पावन पर्व यह संदेश लाता है कि मनुष्य अपने द्वेष तथा परस्पर वैमनस्य को भुलाकर समानता व प्रेम का दृष्टिकोण अपनाए। मौज-मस्ती व मनोरंजन के इस पर्व में हँसी-खुशी सम्मिलित हों तथा दूसरों को भी सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें। यह पर्व हमारी संस्कृतिक विरासत है।

# पवित्र सनातनी परंपराओं का वैश्विक त्योहार होली



**संजीव ठाकुर**

होली की अनंत बधाइयां ,शुभकामनाये, फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे ,सौहार्द्र और प्यार,स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है ।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था,कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु ,न दिन मे मरे न रात मे ,न अस्त्र से न शस्त्रों से ,न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो ,इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा ,राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था ,केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी ।कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ ,बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी,यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी ,उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है ,पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था,बालक प्रह्लाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया ,उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया,पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्रह्लाद जीवित सकुशल बच गया ।अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्रह्लाद की बुआ होलिका का सहारा लिया ,होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी ।इसी वरदान का फायदा उठाते हुए ,होलिका ने बालक प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया ,पर होलिका की चुनरी उड कर प्रह्लाद पर लिपट गई ,और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई,प्रह्लाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है ।प्रह्लाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है ,बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं ,आप मे, मुझ मे ,आपकी तलवार मे इस,इस खंबे मे भी ।तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई ,तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला ,जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया ।बालक प्रह्लाद की अनन्य भक्ति को देखकर उसको भक्त प्रह्लाद कहा जाने लगा। भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर अहम दंभ और बुराइयों को खत्म किया और तब से होली का त्यौहार प्राचीन समय से भारत देश में मनाया जा रहा है। होली पूरे विश्व में अनूठा, अद्भुत, अतुलनीय भाईचारे प्रेम रूप में मनाया जाता है, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई जाती है, एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों का त्योहार बहुत ही खुशी से आजादी तो क्यों मनाया जाता है देश की इस महान परंपरा को प्रणाम।

# उपेक्षित होता भारतीय खानपान, पश्चिम के खानपान की कर रहे नकल

पश्चिमी रहन-सहन की नकल करते-करते अब हम वहां के खानपान की भी नकल करने लगे हैं। मध्यवर्ग की महिलाओं के पास अब इतना समय नहीं कि इन सब चीजों को घर में बना लें। फिर जब सब कुछ बाजार में उपलब्ध है तो घर में बनाने की आफत मोल कोई ले भी क्यों। यही कारण है कि स्थानीय खानपान और चीजें गायब होती जा रही हैं। होली आए और बचपन में लौटना न हो, ऐसा होता नहीं है। मां हफ्ते भर पहले से इस त्योहार की तैयारियां करती थी। सवेरे से कड़ाही में कभी नमकीन तलती थी। कभी दही-पकौड़े बना रही होती थी। कांजी डाली जा चुकी होती और गुझिया बनाने के लिए पूरियां कूटकर उसमें नारियल, किशमिश, चिरौंजी, चीनी मिलाकर गुझिया भरने की तैयारी की जा रही होती। फिर अक्सर शाम के वक्त अड़ोस-पड़ोस की कई महिलाएं मां का हाथ बंटाने आ जाती थीं। इन महिलाओं ने फेमिनिज्म का कोई ग्रंथ नहीं पढ़ा था, लेकिन महिलाओं की सामूहिकता थी, जो एक-दूसरे का हाथ बंटाती थीं। आज जब सब कुछ बाजार के हवाले है। किसी भी त्योहार पर आम तौर पर मिठाइयां, नमकीन सब कुछ बाजार से लाया जाता है। मध्यवर्ग की महिलाओं के पास अब इतना समय नहीं कि इन सब चीजों को घर में बना लें। फिर जब सब कुछ बाजार में उपलब्ध है तो घर में बनाने की आफत मोल कोई ले भी क्यों। उस पीढ़ी की महिलाएं बाजार से लाई खानपान की चीजों को पसंद नहीं करती थीं। उन्हें उनकी गुणवत्ता पर शक भी रहता था। तब बाजार में गुझिया मिलती भी नहीं थीं। गुझिया बनाने के तरीके भी हर घर के भिन्न थे। भारतीय खानपान में इतनी विविधता है कि आश्चर्य होता है। हर घर के खाने में अलग तरह का स्वाद होता है। यही नहीं वह स्वास्थ्यवर्धक भी होता है। मसालों से भरी रसोई हर घर का मेडिकल स्टोर भी होती है। पहले छोटी-मोटी बीमारियां तो घरेलू उपचार से ही ठीक कर ली जाती थीं, लेकिन बदले वक्त ने हमारे खानपान के तौर-तरीकों को बदल दिया है। स्थानीय खानपान और चीजें गायब होती जा रही हैं। गन्ने के मौसम में गन्ने के रस की खीर बनाई जाती थी। बरोसी की हल्की आंच पर मट्ठे में चावल पकाकर चीनी मिलाकर खाते थे। गांवों में सवेरे-सवेरे किसान छाछ और गुड़ खाकर खेतों में काम करने चले जाते थे, लेकिन पश्चिमी रहन-सहन की नकल करते-करते हम अब वहां के खानपान की भी नकल करने लगे हैं। वही हमें सर्वश्रेष्ठ लगता है। उसी से हमारी हैसियत दिखती है। स्वास्थ्य के लिए वह ठीक है भी या नहीं, इसकी परवाह कोई नहीं करता। कुछ साल पहले एक विदेशी पत्रिका ने लिखा था कि भारतीय खाना साफ-सुथरे ढंग से बनाया जाता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छा है। हमारे यहां इतनी तरह के पेय और ठंडाई उपलब्ध हैं, लेकिन अब कार्बोनेटेड ड्रिंक्स के सामने न इन्हें कोई पूछता है, न ही ये कहीं मिलते दिखते हैं। यहां तक कि दूर-दराज के गांवों तक में नहीं। कुछ साल पहले एक मित्र बिहार के एक गांव में गए थे। वहां उन्होंने भूंजा खाने की इच्छा जाहिर की तो गांव में रहने वाले उनके एक स्वजन ने कहा कि वाह जी-वाह, तुम तो दिल्ली में रहकर पिज्जा, बर्गर, मोमोज खाओ और हमसे उम्मीद करते हो कि हम भूंजा ही खाते रहें। रुजुता दिवेकर एक बहुत मशहूर खानपान विशेषज्ञ और डाइटीशियन हैं। उन्होंने इंडियन सुपर फूडस पर एक पुस्तक लिखी है। वह कहती हैं कि जब भी आप कुछ खाएं तो सोचें कि क्या आपकी नानी और दादी इन चीजों को खाती थीं? यदि नहीं, तो आप भी उन्हें विदा कर दीजिए। उनका मानना है कि वह खाइए जो आप खाते रहे हैं, क्योंकि उसका आपके जींस से बहुत संबंध है। वह नाश्ते में इडली, पोहा, पराठा खाने को कहती हैं। उनका मानना है कि जो सुस्वाद न लगे, उसे नहीं खाना चाहिए, क्योंकि हमारा पेट एक दूसरा दिमाग होता है।

# महाराष्ट्र में होली और नमाज के लिए फडणवीस सरकार का एक्शन प्लान तैयार

महाराष्ट्र में भी दोनों धर्म के लोग होली और रमजान मनाएंगे। इस दिन शुक्रवार है जब कि जुम्मे की नमाज भी अदा की जानी है। ऐसे में होली, रमजान दोनों को देखते हुए गड़बड़ी होने की संभावना है। हालांकि महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने इस दिशा में कदम उठाने का फैसला किया है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश भर में 14 मार्च को धूमधाम और उत्साह के साथ होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली के साथ ही रमजान का महीना भी चल रहा है। ऐसे में ये समय दोनों ही धर्मों की धार्मिक आस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों ही धर्म सम्मान और सौहार्द के साथ इस त्योहार को मनाने के लिए जुटेंगे। महाराष्ट्र में भी दोनों धर्म के लोग होली और रमजान मनाएंगे। इस दिन शुक्रवार है जब कि जुम्मे की नमाज भी अदा की जानी है गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बीड सरपंच हत्या, पुणे रेप मामला, धनंजय मुंडे का इस्तीफा, नितेश राणे, अबू आजमी द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद से ही सियासत गर्म है। ऐसे में राज्य में कुछ भी गड़बड़ी ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खास तैयारी की है। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बहाल रहे इसके लिए राज्य गृह मंत्रालय को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो खुद फडणवीस ही देखते है। जानकारी के मुताबिक गृह विभाग ने मुंबई में सुरक्षा व्यवस्था और होली खेलने को लेकर सौहार्द बना रहे इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। संवेदनशील इलाकों पर अतिरिक्त नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए है। मुस्लिम समुदाय की संख्या जिन इलाकों में अधिक है उन इलाकों में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई है ये है गाइडलाइन सार्वजनिक जगहों पर अश्लील शब्दों, गाने बजाने, इशारा करने या आपत्तिजनक पोस्टर्स का प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे।

# '...तो फिर आपने लोगों को गंगा के बीच गटर में क्यों डुबकी लगवाई', संजय राउत आक्रामक, सरकार पर उठाए सवाल

## होली पर डीजे प्रतिबंध को लेकर संजय राउत ने सरकार पर निशाना साधा

राज्य सरकार ने होली त्योहार के दौरान डीजे पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने सरकार की आलोचना की है और पर्यावरण मुद्दे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राज्य पर बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर भी सरकार से सवाल किया है।



- राउत ने राज्य के बढ़ते कर्ज और योजनाओं के बंद होने की चिंता जताई
- पाकिस्तान के आरोपों पर राउत ने भारत की गैर-मौजूदगी पर सवाल उठाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र सरकार ने होली के त्यौहार के दौरान डीजे पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पुलिस ने कई जगहों पर आदेश जारी किए हैं और कुछ स्थानों पर मौखिक चेतावनी दी है। इस पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने सीधे तौर पर देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधा है। इसके साथ ही राउत ने सरकार से पूछा है कि अगर उन्हें पर्यावरण की इतनी चिंता है तो वे गंगा में गोता लगाने के लिए क्यों मजबूर हुए?

संजय राउत ने क्या कहा?

संजय राउत ने कहा कि होली की अनुमति नहीं है। अब गणेशोत्सव आ रहा है, पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कैसा हिंदू धर्म है कि आप साल में एक बार आने वाले त्यौहार पर अड़ंगा डालते हैं? ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। वे कह रहे थे कि हमारे राज्य में हिंदू त्योहार खुले वातावरण में मनाए जाएंगे, तो अब क्या हुआ? गणपति और दिवाली के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध रहता है। अगर आपको पर्यावरण की इतनी ही चिंता है तो आपने महाकुंभ में लोगों को कीचड़ भरे पानी में स्नान क्यों कराया? संजय राउत ने कहा, लोग गंगा के बीच गटर में डुबकी लगाने को क्यों मजबूर हुए? संजय राउत ने कहा कि अब राज्य उधार लेकर चलाया जा रहा है। राज्य पर कर्ज का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। लाडली बहना योजना अब बंद हो जाएगी, गरीबों के लिए राशन योजना और कई अन्य योजनाएं बंद कर दी गई हैं। वे चुनाव में वोट खरीदने के लिए पैसे उधार लेते हैं। राज्य के खजाने का इस्तेमाल महिलाओं के वोट खरीदने के लिए किया गया, जो घोषणापत्र का एक प्रमुख नारा था। प्रदेश की जनता को जवाब मिलना चाहिए कि वे अपनी लाडली बहनों को 2100 रुपये और किसानों की कर्ज माफी के बारे में क्या करने जा रहे हैं। आठ लाख हजार करोड़ के कर्ज के पहाड़ को आप कैसे कम करेंगे? राउत ने यह सवाल महायुति सरकार से भी पूछा है।

फास्ट ट्रैक

# दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज की उत्तर दिशा की सीढ़ी बंद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज मरम्मत करने करने के लिए इस एफओबी की उत्तर दिशा की सीढ़ी 15/16 मार्च, 2025 की मध्यरात्रि से 30 अप्रैल, 2025 तक बंद रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस अवधि के दौरान अन्य एफओबी का उपयोग करें इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

# शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के खिलाफ सड़क पर उतरे किसान, फडणवीस ने विधानसभा में गिनाए महामार्ग के फायदे-नुकसान

महायुति की सरकार की महत्वाकांक्षी शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। उनका साथ विपक्षी दल दे रहे हैं। बुधवार को किसानों ने आजाद मैदान पर विरोध प्रदर्शन कर चेताया है कि शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ सभी 12 जिलों के किसान सड़क पर उतरेंगे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महायुति की सरकार की महत्वाकांक्षी शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। उनका साथ विपक्षी दल दे रहे हैं। बुधवार को किसानों ने आजाद मैदान पर विरोध प्रदर्शन कर चेताया है कि शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ सभी 12 जिलों के किसान सड़क पर उतरेंगे। अगली रणनीति बनाने के लिए 8 अप्रैल को लातूर जिले में बैठक बुलाई है। उधर, किसान जिस वक्त आजाद मैदान पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, उस वक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विधान भवन परिसर में शक्तिपीठ महामार्ग के फायदे-नुकसान गिना रहे थे। वे बता रहे थे कि शक्तिपीठ महामार्ग महाराष्ट्र के लिए कितना जरूरी है?

## किसानों को किसका समर्थन?

आजाद मैदान पर प्रदर्शन करने वालों का साथ देने के लिए कांग्रेस, उद्धव सेना आए। नेता और किसानों ने शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ सरकार की जमकर आलोचना की। एक सुर में शक्तिपीठ महामार्ग को रद्द करने की मांग की। बाद में शक्तिपीठ महामार्ग विरोधी संघर्ष समिति के समन्वयक गिरीश फोंडे ने कहा कि शक्तिपीठ महामार्ग की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि जहां से महामार्ग बनाया जा रहा है उसके समानांतर ही दूसरा मार्ग है, फिर नए मार्ग की कोई आवश्यकता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हम किसानों ने तय किया है कि महामार्ग बनाने के लिए जो अधिकारी सर्वे करने के लिए आएगा उसकी अच्छे से खबर लेंगे। उसे सर्वे नहीं करने देंगे। हम अपने बाप, दादाओं और पुरखों की जमीनों सरकार को नहीं लेने देंगे।आजाद मैदान पर प्रदर्शन करने के लिए आए आंदोलनकारियों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से संपर्क किया। शिंदे ने उन्हें संदेश दिया कि कैबिनेट मंत्री प्रकाश आबिटकर उनसे मिलने आएंगे।इस पर किसानों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि कैबिनेट मंत्री आबिटकर के पास निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए बेहतर होगा कि उन्हें नहीं भेजे। फिलहाल विरोध करने वालों ने अपने कड़े तेवर दिखा दिया है।

## शक्तिपीठ महामार्ग से महाराष्ट्र का समग्र विकास होगा

किसान जिस वक्त आजाद मैदान पर विरोध प्रदर्शन कर रहा था उस वक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विधान भवन परिसर में शक्तिपीठ महामार्ग के फायदे-नुकसान गिना रहे थे। वे बता रहे थे कि शक्तिपीठ महामार्ग महाराष्ट्र के लिए कितना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस महामार्ग के बनाए जाने के बाद मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिम महाराष्ट्र में औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों की घोषणा

## रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे एवं डॉ. श्रीराम परिहार को अखिल भारतीय जीवन गौरव पुरस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई द्वारा वर्ष 2024-25 के विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं विकास हेतु सतत प्रयासरत महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी सेवियों को पुरस्कृत किया जाता है। अकादमी द्वारा दिये जाने वाले ये पुरस्कार अखिल भारतीय, राज्य स्तरीय तथा विधागत होते हैं। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष अखिल भारतीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कारों में महाराष्ट्र भारती अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे तथा डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. (डॉ.) श्रीराम परिहार के नामों की घोषणा की गई है। पुरस्कारों के इसी क्रम में राज्य स्तरीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कार के अंतर्गत छत्रपति शिवाजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार राजेश कुमार मिश्र उर्फ राजेश विक्रांत को, साने गुरुजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार ऋषिकुमार मिश्र को, पद्मश्री अनंत गोपाल शेवडे हिंदी सेवा पुरस्कार डॉ. संजय सिंह को, डॉ. उषा मेहता हिंदी सेवा पुरस्कार डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य को, गजानन माधव मुक्तिबोध मराठी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार प्रो (डॉ.) विजयकुमार रोडे को, कांतिलाल जोशी इतर हिंदी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार गीता माणेक को, व्ही. शांताराम ललित कला हिंदी विशिष्ट सेवा पुरस्कार अखिलेंद्र मिश्र को तथा सुब्रमण्य भारती हिंदी सेतु विशिष्ट सेवा पुरस्कार शीला डोंगरे को प्रदान किया जायेगा।

### 14 विधाओं में 36 रचनाकारों को पुरस्कार

अकादमी के 14 विधा पुरस्कारों के अंतर्गत 36 साहित्यकारों को पुरस्कार प्रदान किय जायेंगे। इनके अंतर्गत काव्य के लिए दिया जाने वाला







संत नामदेव पुरस्कार अमर कृपाशंकर त्रिपाठी, सत्यदेव विजय सिंह (सत्यदेव विजय) एवं ठाकुर भरत सिंह को, उपन्यासकारों को दिया जाने वाला जैनेंद्र कुमार पुरस्कार वीरेंद्र ओझा, श्रीमती रेखा बैजल एवं कोत्तापल्ली लता (लता तेजेश्वर रेणुका) को, कहानी के लिए दिया जाने वाला मुंशी प्रेमचंद पुरस्कार श्यामलता गुप्ता, हरि मृदुल, पारमिता षड़ंगी (अर्चना मिश्रा) एवं डॉ. वर्षा पुनवटकर को, निबंध के लिए दिया जाने वाला आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार श्रीमती अलका रागिनी, डॉ. आभा सिंह एवं डॉ. फय्याज अहमद फैजी को, समीक्षा के लिए दिया जाने वाला आचार्य नंददुलारे वाजपेयी पुरस्कार डॉ. अवधेश कुमार राय, डॉ. सुधीर वाघ एवं प्रो. (डॉ.) बालाजी श्रीपती भुरे को, अनुवाद के लिए दिया जाने वाला मामा वरेरकर पुरस्कार सेवक नैयर, डॉ. शेषनारायण उर्फ शशि मुरलीधर निघोजकर एवं डॉ. प्रेरणा उबाळे को दिया जायेगा। इसी प्रकार वैज्ञानिक तकनीकी लेखन के लिए दिया जाने वाला होमी जहांगीर भाभा पुरस्कार डॉ. अमरीश सिन्हा को, हिंदी भाषा सम्बंधी लेखन के लिए दिया जाने वाला महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार डॉ. मनोज पांडेय और डॉ. मीना राजपूत को, नाटक के लिए दिया जाने वाला विष्णुदास भावे पुरस्कार डॉ. पूजा हेमकुमार अलापुरिया को, जीवनी परक लेखन के लिए दिया जाने वाला काका कालेलकर पुरस्कार डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह, मांगीलाल जगमालाराम विश्नोई एवं भगवान वैद्य को, पत्रकारिता एवं कला के लिए दिया जाने वाला बाबूराव विष्णु पराडकर पुरस्कार डॉ. शैलेंद्र दुबे को, बाल साहित्य के लिए दिया जाने वाला सोहनलाल द्विवेदी पुरस्कार रीता अमर कुशवाहा, विपुल सेन (कवि विपुल लखनवी) एवं श्रीमती रोचिका अरुण शर्मा को, लोकसाहित्य के लिए दिया जाने वाला फणीश्वरनाथ रेणु पुरस्कार मदन गोपाल गुप्ता (अकिंचन), हेमलता मिश्र मानवी एवं शामराव नारायण राव रावले (श्याम रावले सुंदर) को तथा राष्ट्रभक्ति आधारित लेखन के लिए दिया जाने वाला शशिभूषण वाजपेयी हिंदी लेखक पुरस्कार कृष्ण प्रकाश, रेणु शर्मा एवं प्रतीक राजीव मिश्रा को प्रदान किया जायेगा।

### 18 मार्च को पुरस्कार समारोह

अकादमी के कार्याध्यक्ष प्रो. शीतला प्रसाद दुबे ने सभी पुरस्कार प्राप्तकताओं को बधाई देते हुए बताया कि मंगलवार, 18 मार्च 2025 को रंगशारदा ऑडिटोरियम, बांद्रा (पश्चिम) में शाम 5.30 बजे से अकादमी के पुरस्कार समारोह को आयोजन किया गया है। इस समारोह में विशिष्ट गणमान्यों की उपस्थिति में पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार के हाथों से सभी पुरस्कृत साहित्यकारों को नगद पुरस्कार, स्मृति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। मुंबई के बाहर से आने वाले पुरस्कृत साहित्यकारों के आने-जाने एवं मुंबई में ठहरने का व्यय महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से वहन किया जायेगा।

# भुसावल मंडल में क्यूआर कोड और यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग में वृद्धि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल मंडल ने यात्रियों के बीच डिजिटल लेनदेन की जागरूकता बढ़ाने और मोबाइल ऐप के उपयोग को प्रोत्साहित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों द्वारा जागरूकता अभियान के चलते क्यूआर कोड आधारित लेनदेन और यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) ऐप के उपयोग में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री को कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### क्यूआर कोड लेनदेन में वृद्धि

क्यूआर कोड के माध्यम से लेनदेन की प्रतिशतता में फरवरी 2025 में जनवरी 2025 की तुलना में 1.86% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जनवरी 2025 में जहां यह प्रतिशतता 24.20% थी, वहीं फरवरी 2025 में बढ़कर 26.06% हो गई है। यह वृद्धि यात्रियों के बीच डिजिटल भुगतान प्रणालियों के प्रति बढ़ते विश्वास और स्वीकृति को दशार्ती है, जिससे टिकटिंग प्रक्रिया तेज और अधिक सुविधाजनक हो गई है। वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों ने टिकट काउंटरों पर यात्रियों को क्यूआर कोड-आधारित भुगतान प्रणालियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसके तहत नियमित जागरूकता अभियान, डेमोंस्ट्रेशन और स्टेशनों पर यात्रियों को मार्गदर्शन दिया गया ताकि वे क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट बुकिंग की प्रक्रिया और इसके फायदों को समझ सकें।

### यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा

इसी प्रकार, भुसावल मंडल में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने वाले यात्रियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। फरवरी 2025 के महीने में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने वाले यात्रियों का औसत प्रतिशत 8.36% दर्ज किया गया।

वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों ने मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए। इन प्रयासों के तहत यात्रियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन, स्टेशन पर उद्घोषणा और स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर सूचनात्मक पोस्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। यूटीएस ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े हुए आसानी से टिकट बुक करने की सुविधा देता है, जिससे यात्रियों का समय बचता है और उनकी यात्रा का अनुभव बेहतर होता है।

यात्रियों की सुविधा पर सकारात्मक प्रभाव

क्यूआर कोड-आधारित भुगतान और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग में वृद्धि से नकद लेनदेन और टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। डिजिटलाइजेशन की दिशा में इस बदलाव ने न केवल टिकटिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि यात्रियों के लिए बुकिंग अनुभव को भी अधिक तेज और प्रभावी बनाया है। भुसावल मंडल डिजिटल पहलों को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा में सुधार करने के लिए लगातार जागरूकता अभियानों और तकनीकी उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करता रहेगा। भुसावल मंडल का लक्ष्य डिजिटल भुगतान प्रणालियों और मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ाकर रेलवे यात्रा को अधिक सुगम और यात्रियों के अनुकूल बनाना है।

# 38 दिन के बच्चे की तलाश में 6 दिन का ऑपरेशन, 11000 ऑटो ड्राइवर से पूछताछ, पकड़ा गया मानव तस्करों का गिरोह

## चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो महिलाएं शामिल हैं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई पुलिस ने एक डेढ़ महीने के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझा लिया है। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। ये सभी मालवणी से पकड़े गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बच्चे को 5 लाख रुपये में बेचने की योजना बनाई थी। यह घटना 2 मार्च को गोरेगांव पूर्व के वनराई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास हुई थी।

### क्या है पूरा मामला?

2 मार्च की सुबह करीब 4 बजे एक गुजराती परिवार का 2 महीने का बच्चा गायब हो गया। परिवार उस वक्त वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित बस स्टैंड के पास सो रहा था। अचानक बच्चा उनके पास से गायब हो गया। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। डीसीपी स्मिता पाटिल के नेतृत्व में छह टीमें बनाई गईं।

# मध्य रेल के मुंबई मंडल पर दिनांक 16.03.2025 (रविवार) को मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 16.03.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, जो इस प्रकार हैः

ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइन सुबह 10.40 बजे से दोपहर 3.40 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से सुबह 09.34 बजे से दोपहर 03.03 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल सेवाओं को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो अपने संबंधित ठहरावों के अलावा कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर रुकेंगी और अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।सुबह 10.28 बजे से दोपहर 03.40 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप फास्ट/सेमी-फास्ट सेवाएं कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये अपने संबंधित ठहरावों के अलावा दिवा, मुंब्रा और कलवा स्टेशनों पर रुकेंगी और आगे मुलुंड स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये ट्रेनें अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सीएसएमटी/ दादर से छूटने वाली डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच 5वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

सीएसएमटी/दादर पहुंचने वाली अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे/विक्रोली स्टेशनों के बीच 6वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.05 बजे से शाम 4.05 बजे तक (नेरुल/बेलापुर-उरण पोर्ट लाइन को छोड़कर)

पनवेल से सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर जाने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं और सीएसएमटी मुंबई से सुबह 9.45 बजे से दोपहर 3.12 बजे तक पनवेल/बेलापुर की ओर जाने वाली डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी।

पनवेल से सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएं और ठाणे से सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांसहार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर/नेरुल और उरण स्टेशनों के बीच पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव सेवा अनुबंध**

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी निविदा सूचना संख्या ईएल–मेंटेन–4–334–डब्ल्यूए–20 दिनांक 12/03/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थानः मुंबई डिवीजन गैर–उपनगरीय खंडः वैतरणा से पालधी के बीच 2 वर्षों के लिए 2 टीआर क्षमता के सटीक एयर कंडीशनर का व्यापक वार्षिक सेवा रखरखाव अनुबंध; कार्य की अनुमानित लागतः 10,51,028.00; ईएमडीः 21,000/–; जमा करने की तिथि और समयः 07/04/2025,को 15:00 बजे तक; खुलने की तिथि और समयः 07/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं 1185

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

एडीईई/टीआरडी/बीएल ई–निविदा सूचना संख्याः **ईएल/टीआरडी/डब्ल्यू/118/24–25/19 दिनांक 12.03.2025;** आमंत्रित करता है। कार्य का नामः मुंबई मंडल के इलेक्ट्रिकल/टीआरडी/एनएस/बीसीटी के 02 वर्षों के लिए क्रेन के 5 टन डीजल हाइड्रोलिक रेल के लिए वार्षिक रख–रखाव अनुबंध (एएमसी); कार्य की **अनुमानित लागतः** 33,55,468/–; **ईएमडीः**67,100/–; **जमा करने की तिथि और समयः** 07.04.2025,को 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समयः** 07.04.2025 को 15.30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www-ireps.gov.in पर जाएं 1182

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**उपकरणों की सफाई का कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक) ईएमयू कारशेड, मुंबई सेंट्रल डिविजन, पश्चिम रेलवे, मुंबई – 400034 ई–निविदा आमंत्रित करता है। सूचना क्रमांकः DRM-RS-2024–25/24 दिनांकः 12.03.2025। कार्य का नामः 02 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कारशेड मुंबई सेंट्रल, कांदिवली और विरार में ईएमयू रेक के टीएम सक्शन फिल्टर, ट्रांसफार्मर रेडिएटर और सहायक कनवर्टर फिल्टर की सफाई। कार्य की अनुमानित लागतः 47,70,382.40/–ईएमडीः 95,400/–जमा करने की तिथि और समयः 07.04.2025, को 15.00 बजे तक। खुलने की तिथि और समयः 07.04.2025 को 15.30 बजे। वेबसाइट विवरणः निविदा को वेबसाइट www-ireps-gov-पद के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है। 1181

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग कार्य**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (दक्षिण), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 निविदा क्रमांक W-829-2024-SG-WA-R दिनांकः12.03.2025 आमंत्रित करता है। कार्य एवं स्थानः मुंबई मंडल, पश्चिमी रेलवे में चर्चगेट – विरार टीआरआर(पी)–17.219 टीकेएम एवं टीएसआर(पी)–63.968 टीकेएम के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। कार्य की अनुमानित लागतःरू1,07,71,266.31/ईएमडीः रू–2,03,900.00/– प्रस्तावों की वैधताः बोली की नियत तिथि से 60 दिन। ई–निविदा का प्रकारः खुली ई–निविदा। ई–टेंडर दस्तावेज जमा करने के लिए बंद होने का समय और तारीखः 03.04.2025, को 15.00 बजे तक। ई–टेंडर खोलने का समय और तारीख 03.04.2025 को 15.30 बजे है। टेंडर वेबसाइट http.www-ireps-gov-in पर देखा जा सकता है। 1179

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

# होली की खरीदारी के लिए बलिया में उमड़ी भीड़

## पिचकारी, मुखौटे और मिठाइयों की दुकानों पर दिखी सबसे ज्यादा रौनक



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बलिया, होली के त्योहार को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। गुरुवार को नगरीय और ग्रामीण इलाकों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चे अपने माता-पिता के साथ पिचकारी और खिलौनों की दुकानों पर पहुंचे। यहां वे अपनी मनपसंद पिचकारी खरीदने की जिद करते नजर आए। मुखौटे और टोपियों की दुकानों पर भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ दिखी। होली की खरीदारी में रंग-गुलाल, कचरी, फल और कपड़ों की दुकानें भी गुलजार हैं। खोए से बनी मिठाइयों की दुकानों पर विशेष चहल-पहल है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार होली के सामान की बिक्री अच्छी हो रही है। त्योहारी सीजन में खरीदारों की भीड़ से उनका व्यापार बढ़ा है। इससे बाजार में रौनक लौट आई है।

# जिन्हें रंग से परहेज, वे देश छोड़कर चले जाएं

## मंत्री संजय निषाद बोले- अगर रंग से धर्म नष्ट होता है तो रंग-बिरंगे कपड़े कैसे पहनेंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



गोरखपुर, योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा- जिन्हें रंगों से परहेज है, वे घर में भी क्यों रहें, वे देश छोड़कर चले जाएं। उन्होंने कहा- जो लोग कहते हैं कि रंगों से धर्म भ्रष्ट होता है तो वे रंग-बिरंगे कपड़े कैसे पहन सकते हैं। रंगों का कारोबार कैसे कर सकते हैं। रंगों का सबसे अधिक कारोबार वे ही करते हैं। डॉ. संजय निषाद ने गोरखपुर में बुधवार शाम पादरी बाजार स्थित आवास पर होली मिलन कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। उनका इशारा मुस्लिम समुदाय की तरफ था। उन्होंने कहा- जो जुमा पढ़ते हैं, वो भी गले मिलते हैं। होली मनाने वाले भी गले मिलते हैं। दोनों गले मिलने के त्योहार है, लेकिन कुछ नेता नहीं चाहते कि लोग गले मिलें। वे जहर घोलने का प्रयास करते हैं। यह उनके लिए संदेश है। संजय निषाद ने कहा- जिस विशेष वर्ग की बात कही जा रही है, उन्हें रंगों से कोई दिक्कत नहीं है। सबसे अधिक इस्तेमाल तो वही करते हैं। कपड़ा रंगते हैं, घर रंगते हैं और रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं। वे रंगों से कभी परहेज करते ही नहीं। ये तो नेता हैं, जो जहर घोलते हैं। हम चाहते हैं कि वे भी खुशी-खुशी अपना त्योहार मनाएं। विपक्ष उनकी गरीबी बढ़ाता है। उनकी गरीबी में उन्हें मकान, अनाज और फ्री इलाज हम देते हैं। वे भी देश के नागरिक हैं। संजय निषाद ने कहा- मैं अखिलेश यादव को भी होली की बधाई देता हूं। उनके घर मिठाई भेजी है। अखिलेश विदेश में हैं तो वहीं होली मनाएं। विदेश में भी होली मनाई जाती है। विपक्ष हमारा मार्गदर्शन करता है। हम उन्हें मार्गदर्शक के रूप में मानते हैं। वे जो कमियां बताते हैं, हम उसका सुधार करते हैं। जितने पक्ष-विपक्ष के लोग हैं, सबके घर मिठाई भेजी है। संभल में 6 मार्च को पीस कमेटी की बैठक में सीओ अनुज चौधरी ने कहा था- शुक्रवार यानी जुमा तो साल में 52 बार आता है, होली एक बार आती है। अगर रंग से परहेज है तो नमाज घर में ही पढ़ लेना चाहिए। अपने बच्चों के साथ घर में रहें। अपने घर में नमाज पढ़ें। घर में भी तो पढ़ते हैं। कोरोना टाइम में भी तो घर में पढ़ी। इत्तफाक से इस बार जुमा होली के दिन है। यह बहुत छोटी-सी बात है। मैं यह चाहता हूं कि सब मिलकर होली खेलें। रंग से कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। 4 दिन पहले सीएम योगी ने संभल सीओ अनुज चौधरी का खुलकर समर्थन किया था। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा- जो हमारा पुलिस अधिकारी है, वह पहलवान रहा है।

फास्ट ट्रैक

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध मंडी से खतरा

## तिलहर में हाईवे किनारे फल-सब्जी व्यापार से दुर्घटनाएं, प्रशासन बेखबर



शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से फल-सब्जी मंडी का संचालन हो रहा है। यह मंडी यातायात के लिए बड़ी समस्या बन गई है। व्यापारियों ने अपनी दुकानों से आगे 40-50 फीट तक सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। सुबह 10 बजे तक ई-रिक्शा, टेंपो और पिकअप जैसे वाहन सड़क के बीच में खड़े कर फल-सब्जी की लोडिंग की जाती है। इस अवैध गतिविधि से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीर और दोपहिया वाहन चालक अक्सर चोटिल हो रहे हैं। कई गोवंश की मौत भी हो चुकी है। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश सरकार नेशनल हाईवे को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रयासरत है। लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण यह समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि प्रशासन की इस उदासीनता से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# गाय भगाने के दौरान हवाई फायरिंग से किशोर की मौत

## तिलहर में 12 साल के बच्चे को लगी गोली, पड़ोसी गांव के युवक पर आरोप




शाहजहांपुर, कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बाबूपुर गांव में गाय भगाने के दौरान हवाई फायरिंग से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत के रूप में हुई है। उसके पिता राम खिलौना ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा खेत में गाय भगा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव महमदपुर के आकाश (वीरपाल का पुत्र) द्वारा की गई फायरिंग में गोली लगने से रंजीत की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हवाई फायरिंग का मामला सामने आया है। किशोर को गोली किस तरह लगी, इसकी गहन जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।

# शादी से लौट रहे परिवार की जीप डंपर से टकराई

## दूल्हन के जीजा की मौत, पत्नी समेत 5 रिश्तेदार घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बलिया, शादी से लौट रहे परिवार की जीप की डंपर से टक्कर हो गई। हादसे में दूल्हे के जीजा की मौत हो गई। वहीं हादसे में 5 रिश्तेदार घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बलिया-बैरिया मार्ग (एनएच 31) पर हल्दी थाना क्षेत्र के सीताकुण्ड परसिया के पास हुआ। डंपर और जीप की आमने-सामने की टक्कर में जीप सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में गंगापुर के तेलिया टोला निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी 30 वर्षीय पत्नी माला समेत पांच लोग घायल हुए। घायलों में दोकटी थाना क्षेत्र के दलनछपरा निवासी सुनील पटेल का 13 वर्षीय पुत्र आकाश, बैरिया निवासी 27 वर्षीय मेनका (उदयशंकर पटेल की पत्नी), 70 वर्षीय रामनाथ पटेल और 78 वर्षीय श्रीनिवास मिश्र शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसओ विश्वदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र अपनी साली की शादी में शामिल होने बलिया शहर गए थे। बुधवार को शादी समारोह के बाद वह अपनी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों के साथ जीप में घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अज्ञात वाहन ने युवती को कुचला

## हाईवे पर कई ट्रकों ने भी रौंदा, शव के बिखरे हुए अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, बछरावां मौरावा मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। सुबह जल्दी छोटकवा खेड़ा में एक अज्ञात वाहन ने 18 वर्षीय युवती को टक्कर मार दी। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कई ट्रकों ने भी उसके शव को कुचल दिया। मृतका की पहचान लक्ष्मी के रूप में हुई है। वह बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के हरिया की रहने वाली थी। लक्ष्मी अपने परिवार के साथ शुक्ला ब्रिक फील्ड में मजदूरी करती थी। घटना के समय वह सड़क पर किसी काम से आई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और भट्टे के मजदूर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत ट्रकों की आवाजाही रोकी। शव के बिखरे हुए अवशेषों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड घर भूली छात्रा



- दोबारा लाने जाते वक्त रास्ते में हुई बेहोश, परीक्षा छूटने के डर से परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, उत्तर प्रदेश में एक छात्रा बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड भूल जाने के कारण परेशानी में पड़ गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट छात्रा मोहिनी अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने पहुंची थी। प्रवेश पत्र की जांच के दौरान पता चला कि वह इसे घर पर भूल आई है। छात्रा ने गार्ड से विनती की, लेकिन उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। मोहिनी ने अपने पिता आलोक को फोन कर स्थिति बताई। पिता के कहने पर वह ऑटो से घर गई और एडमिट कार्ड लेकर पिता के साथ वापस परीक्षा केंद्र की ओर निकली। रास्ते में रंभा खेड़ा गांव के पास मोहिनी अचानक बेहोश हो गई।

उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। पिता आलोक का कहना है कि परीक्षा में देरी के तनाव के कारण उनकी बेटी घबरा गई। इस पूरी घटना में करीब डेढ़ घंटे का समय बर्बाद हुआ।

# होली जुलूस में शांति भंग करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

- पिछले साल हुड़दंग मचाने वालों को भेजा जेल, 2 दिन में 15 को किया गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, होली के त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। थाना आरसी मिशन पुलिस ने लाट साहब के जुलूस में पिछले साल हुड़दंग मचाने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में सूरज यादव, अंकित पांडेय, देव श्रीवास्तव, ब्रजेश मिश्रा, शरद श्रीवास्तव और तुषार मिश्रा शामिल हैं। पुलिस ने बीती रात इन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने पिछली होली पर जुलूस के दौरान तोड़फोड़ की थी। लाट साहब का जुलूस थाना आरसी मिशन क्षेत्र का सबसे संवेदनशील जुलूस माना जाता है। इस बार जुलूस को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। पिछले दो दिनों में पुलिस ने 15 ऐसे संदिग्धों को जेल भेजा है, जिनसे अशांति फैलाने की आशंका थी। पुलिस पिछले जुलूस के दौरान हुए विवादों की बारीक जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि होली के त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।

# दो बाइक की भिड़ंत

## 3 लोगों की मौत, मां-बेटी समेत 3 घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। सिंधौली टोल के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। रोजा थाना क्षेत्र के आईटीआई कॉलोनी निवासी अनुज अपनी पत्नी खुशबू और 4 वर्षीय बेटी भूमि के साथ पुवायां के बेला छेदा गांव स्थित अपने पुराने मकान से लौट रहे थे। सिंधौली टोल के पास उनकी बाइक की टक्कर महुआ पाठक गांव के डी फार्मा छात्र सौरभ तिवारी की बाइक से हो गई। सौरभ की बाइक पर दो अन्य लोग भी सवार थे। हादसे में अनुज और सौरभ समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अनुज की पत्नी खुशबू और बेटी भूमि सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

# कूड़े पास खड़ी कार में लगी आग

- लोगों ने आग पर पाया काबू, कार का अगला हिस्सा जला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में एसपी कालेज के पास खड़ी कार में आग लग गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार सुबह की है। एसपी कालेज के पास एक जगह पर नियमित रूप से कूड़ा डाला जाता है। सुबह जब लोग वहां से गुजर रहे थे, तब उन्होंने कार के अगले हिस्से से आग की लपटें निकलते देखी। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। 1 घंटे में लोगों ने आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कूड़े में लगी आग कार तक पहुंच गई। जिससे कार आग की चपेट में आ गई। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कार किसकी है और वह वहां कितने समय से खड़ी थी।

# कुत्ता बचाने में ऑटो पलटा

## बुजुर्ग समेत 5 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र में मदनपुर गांव के पास एक दुर्घटना हुई। मुरादाबाद-फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे पर एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में ऑटो रिक्शा पलट गया। इस हादसे में पांच लोग घायल हुए। इनमें बदायूं के थाना उसहैत के मिजार्पुर गांव के 70 वर्षीय होरीलाल और उसावा थाना क्षेत्र के सोंधेमई गांव का 30 वर्षीय ऑटो चालक नीरज शामिल हैं। अन्य घायलों में परौर थाना क्षेत्र के हर्रानगला की पुष्पा (25), नन्ही देवी (27) और धंजी नगला के वेदपाल (30) हैं। कलान पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सभी घायलों को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले जाया गया। फार्मासिस्ट गोपाल कृष्ण ने वेदपाल को फरुर्खाबाद रेफर किया। बुजुर्ग होरीलाल को बदायूं मेडिकल कॉलेज भेजा गया। बाकी तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इसी थाना क्षेत्र में एक अन्य दुर्घटना भी हुई। भुड़ेली गांव के कोटेदार राजवीर अपनी बाइक से नौगवां मुबारिकपुर जा रहे थे। मिजार्पुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

राजवीर घायल हो गए और उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। घायल राजवीर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

# पार्टी में तमंचे से हुई फायरिंग

## शाहजहांपुर में युवक को लगी गोली, मेडिकल कॉलेज में भर्ती, छीना-झपटी में हुआ हादसा




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक पार्टी के दौरान हुई फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। चौक कोतवाली क्षेत्र के अकब मस्जिद के पास रहने वाले शरद को गोली लगी है। घटना उस समय हुई जब शरद अपने कई दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। पार्टी में मौजूद किसी व्यक्ति के पास तमंचा था। पार्टी के दौरान तमंचे को लेकर छीना-झपटी हुई। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो शरद को लग गई। घटना के तुरंत बाद घायल शरद को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज जाकर परिवार से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि घटना पार्टी के दौरान हुई है।

# बधाई मांगने गए किन्नरों ने दुकान पर किया हंगामा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सरार्फा मार्केट में एक जनरल स्टोर पर किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। घटना थाना निगोही क्षेत्र की है। वार्ड नंबर 1 में स्थित ध्रुव शर्मा के जनरल स्टोर पर बुधवार शाम उनका भतीजा बैठा था। कुछ किन्नर बधाई मांगने पहुंचे। तो दुकानदार के भतीजे से 100 रुपए की मांग की। युवक ने बताया कि दुकान में अभी बिक्री नहीं हुई है। उन्हें दूसरी दुकान से रुपए लेने को कहा। इस बात पर किन्नर भड़क गए। उन्होंने अश्लील हरकतें करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। एक किन्नर ने मारपीट की कोशिश की और ईंट उठाकर हमला करने का प्रयास किया।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# बलूच लड़ाके बोले-पाक सेना झूठ बोल रही, लड़ाई जारी है

## बंधकों की मौत का जिम्मेदार पाकिस्तान होगा; सेना का दावा-लड़ाकों को अफगानिस्तान से ऑर्डर मिल रहे थे

एजेंसी

इस्लामाबाद, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर दावा किया है कि अभी भी सिबि के इलाके में लड़ाई जारी है और पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान का उठाना पड़ रहा है। सेना अपनी हार और नाकामी को छिपाने के लिए झूठे दावे कर रही है। इससे पहले बुधवार रात 9:30 बजे पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने ट्रेन हाईजैक खत्म होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में कुछ बंधक भी मारे गए हैं। बाकी सभी बंधकों को रिहा करा लिया गया है। बीएलए का कहना है कि जिन बंधकों की रिहाई का दावा किया जा रहा है असल में उन्हें युद्ध नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत रिहा किया था। हमने मौका दिया था कि पाकिस्तानी सरकार बंधक बनाए गए युद्धबंदियों के बदले बलूच कैदियों को रिहा करे। पाकिस्तानी सेना ने अपने बंधकों को मरने के लिए छोड़ दिया है, तो अब उनकी मौत की जिम्मेदार भी




वही उठाएगी। दूसरी तरफ पाकिस्तानी फॉरेन ऑफिस का दावा है कि बलूच लड़ाकों हाईजैक के दौरान अफगानिस्तान में मौजूद अपने सरगनाओं से संपर्क में थे, उन्हें वहां से ऑर्डर मिल रहे थे। बीएलए बोला-लड़ाई अब पाकिस्तान के कंट्रोल से बाहर बीएलए का दावा है कि इलाके की असली हकीकत दिखाने के लिए पाकिस्तान सरकार को यहां स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकार भेजने की इजाजत देनी चाहिए। यह लड़ाई अब पाकिस्तानी सरकार के कंट्रोल से बाहर हो गई है। बीएलए ने कल 100 पाकिस्तानी सैनिक मारने का दावा किया न्यूज एजेंसी ने पाकिस्तान आर्मी के हवाले से बताया है कि ट्रेन में यात्रा कर रहे 27 ऑफ ड्यूटी पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 1 सैनिक रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मारा गया। ट्रेन हाईजैक करने वाली बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का दावा है कि उसने दो दिन में 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए हैं। इनमें से 60 को बुधवार को ही मारा गया है। बलूच आर्मी ने मंगलवार दोपहर 1 बजे जाफर एक्सप्रेस के 450 पैसेंजर्स को बंधक बनाया था। इन्हें छुड़ाने का ऑपरेशन लगभग 36 घंटे चला। पाकिस्तानी आर्मी अफसर ने बताया कि 346 बंधकों को छुड़ा लिया गया है। बीएलए की तरफ से बुधवार शाम एक ऑडियो भी जारी किया गया। इसमें कहा गया कि यह इंसाफ और जिंदा रहने की लड़ाई है। हम ट्रेन हाईजैक के इस ऑपरेशन में शामिल हुए हैं, क्योंकि यह हमारे हक की लड़ाई है। हम बलूच लोगों से कहना चाहते हैं कि वह इस संघर्ष में शामिल हों और इसका हिस्सा बनें। हम ये लड़ाई आपके लिए लड़ रहे हैं। आज हमने इस ट्रेन को हाईजैक किया। हमारे साथ आपके लिए और इस जमीन के लिए अपना खून बहा रहे हैं। हालांकि अभी तक इस ऑडियो की पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले मंगलवार को बीएलए ने बयान जारी कर कहा था कि अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बलूचिस्तान में ट्रेन पर हमले का निंदा की है। उन्होंने कहा है कि चीन किसी भी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। हम आतंकवाद से लड़ने और इलाके में स्थिरता बनाए रखने के लिए पाकिस्तान का समर्थन जारी रखेंगे।

# सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी टली

## रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम में खराबी; 280 दिन से स्पेस स्टेशन में फंसीं

एजेंसी

फ्लोरिडा, भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी टल गई है। नासा ने तकनीकी खराबी के चलते स्पेस स्टेशन के लिए नए क्रू को लेकर जा रहे मिशन क्रू 10 को टाल दिया है। इस मिशन को कल यानी 12 मार्च को स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन 9 से लॉन्च किया जाना था। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होने वाले थे। इनमें दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के टाकुया



ओनिशी (जैक्सा) और रूस के के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव (रोस्कोस्मोस) शामिल हैं। ये चारों पिछले 9 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की जगह लेते। स्पेस स्टेशन का हैंडओवर देने के बाद सुनीता विलियम्स और अन्य 3 साथी 16 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना होते। हालांकि अब इसमें देरी आ गई है। क्रू 10 मिशन को टालने की वजह उसके रॉकेट के ग्राउंड सपोर्ट क्लैम्प आर्म में हाइड्रोलिक सिस्टम में आई खराबी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के सीईओ इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है। ट्रम्प ने जनवरी में सोशल मीडिया पर लिखा- मैंने मस्क से उन दो बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने को कहा है। इन्हें बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है। वे अंतरिक्ष स्टेशन पर कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। मस्क जल्द ही इस काम में लग जाएंगे। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित होंगे। मस्क ने इसके जवाब में कहा कि हम ऐसा ही करेंगे। यह भयानक है कि बाइडेन प्रशासन ने उन्हें इतने लंबे वक्त तक वहां छोड़ रखा है। सुनीता और बुच विलमोर बोइंग और नासा के जॉइंट क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गए थे। इसमें सुनीता, स्पेसक्राफ्ट की पायलट थीं। उनके साथ गए बुच विलमोर इस मिशन के कमांडर थे। दोनों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 8 दिन रुकने के बाद वापस पृथ्वी पर आना था।


लॉन्च के समय बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी के प्रेसिडेंट और सीईओ टेड कोलबर्ट ने इसे स्पेस रिसर्च के नए युग की शानदार शुरूआत बताया था। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता साबित करना था।

# पुतिन ने आर्मी यूनिफॉर्म में कुर्स्क का दौरा किया

## यूक्रेनी सेना को खदेड़ने के आदेश; कहा- रूसी इलाके से पकड़े गए यूक्रेनी सैनिक आतंकी

एजेंसी

मॉस्को, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बुधवार को यूक्रेन की सीमा से लगे रूस के कुर्स्क प्रांत का दौरा किया। इस दौरान पुतिन आर्मी की यूनिफॉर्म में नजर आए। पुतिन बुधवार को मोर्चे पर सेना की एक कमान पोस्ट पर पहुंचे। पुतिन ने कुर्स्क के ज्यादातर इलाकों से यूक्रेनी सेना को बाहर निकालने पर खुशी जताई। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पुतिन की तस्वीरें जारी कीं। हरे रंग की यूनिफॉर्म पहने पुतिन एक डेस्क पर बैठे हुए थे। उनके सामने कई नक्शे रखे हुए थे। इस दौरान उनके साथ रूस के शीर्ष




सैन्य अधिकारी जनरल वालेरी गेरासिमोव के साथ दिखाई दिए। कुर्स्क पर पिछले साल अगस्त में यूक्रेन ने हमला किया था। अभी भी कुर्स्क के कई इलाकों पर यूक्रेनी सेना का कब्जा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की इस जमीन का इस्तेमाल सीजफायर डील में रूस के साथ अदला-बदली के लिए करना चाहते हैं। पुतिन ने ये दौरा मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका और

# यूक्रेन बोला- सीजफायर न करने पर रूस पर कार्रवाई हो

## पुतिन का संदेश- अमेरिका सीधे हमसे बात करे, फिर युद्धविराम संभव

एजेंसी

कीव, रूस ने अमेरिका के प्रस्तावित 30 दिन के युद्धविराम (सीजफायर) पर कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को रूस के राष्ट्रपति कार्यालय (क्रेमलिन) की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि जब तक अमेरिका सीधे रूस से बात नहीं करेगा, तब तक कोई फैसला नहीं होगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हम यूक्रेन युद्ध पर सऊदी अरब में हुई बैठक का



बारीकी से विश्लेषण कर रहे हैं। रूस तभी किसी डील पर सहमत होगा, जब अमेरिका हमसे सीधे संपर्क करेगा। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि अगर रूस युद्धविराम नहीं करता तो उम्मीद है कि अमेरिका रूस के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। जेलेंस्की बोले- यूक्रेन 30 दिन के युद्धविराम के लिए तैयार अमेरिका और यूक्रेन के बीच मंगलवार (11 मार्च) को सऊदी अरब में बैठक हुई थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अब गेंद रूस के पाले में है। हम जल्द पुतिन से बात करेंगे। 4 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि ट्रम्प के साथ पिछले हफ्ते उनकी बैठक उस तरह नहीं हुई जैसी होनी चाहिए थी। जेलेंस्की ने इसे अफसोसजनक बताया और कहा कि यूक्रेन खनिज समझौते के लिए तैयार है। जेलेंस्की का बयान ऐसे वक्त आया था, जब ट्रम्प ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया। इसमें ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची थी, उसे भी रोक दिया गया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार रोकी गई मदद को तब तक बहाल नहीं किया जाएगा, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं।

# टैंकर ने कार-पिकअप को टक्कर मारी, 8 की मौत

## धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर घायलों को क्रेन से निकाला; रॉन्ग साइड से आ रहा था गैस टैंकर



हादसे में रतलाम के नामली के अनिल व्यास की मौत हो गई। अनिल व्यास एयू बैंक हेड ब्रांच रतलाम के एरिया मैनेजर थे। वह होम लोन डिपार्टमेंट में थे। इनके अंडर में रतलाम, मंदसौर, झाबुआ, नीमच, पेटलावद का एरिया था। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका व्यास, बेटा अक्षत (12), बेटी वैष्णवी व्यास (10) के अलावा उनकी मां हैं। छोटा भाई सुनील व्यास है। परिजन शव लेकर बदनावर से निकल गए है। आज अंतिम संस्कार के लिए लेकर जाएंगे।

एजेंसी

बदनावर (धार), धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार रात 11 बजे रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार चार और कार सवार चार लोगों समेत 8 की मौत हुई है। पिकअप सवार 2 लोग घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुछ लोग कार और पिकअप में फंस गए थे। उन्हें क्रेन की मदद से निकाला जा सका। कार सवार सभी लोग मंदसौर के एयू स्मॉल फायनेंस बैंक के कर्मचारी थे। जो इंदौर में एक बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे।

### हादसे में इन कार सवारों की गई जान

1. ब्रांच मैनेजर गिरधारी नंदलाल माखीजा (44), राम टेकरी, मंदसौर
2. अनिल सत्यनारायण व्यास (43), नामली, रतलाम
3. विरम पिता प्रभुलाल धनगर, कोटडा बहादुर सितामउ, मंदसौर
4. चेतन पिता दिलीप बाघरवाल, खानपुरा, प्रतापगढ़ रोड, मंदसौर

पिकअप सवार इनकी हुई मौत

1. बना उर्फ लालसिंह, निवासी मेघदूत गेट के पास, उज्जैन
2. ड्राइवर अनूप हनुमानराम जाट पुनिया (23), जोधपुर
3. जितेंद्र श्रीराम पुनिया, बड़लिया, जोधपुर

एक्सीडेंट में ये हुए घायल

1. जगदीश पिता रामेश्वर बैरागी, (50), जोधपुर
2. लिखमाराम पिता मांगीलाल, जोधपुर
3. दीपक पिता दुगार्राम जाट पुनिया (30), ऊणी, जोधपुर

पहले पिकअप, फिर कार को टक्कर मारी

जानकारी के मुताबिक, रात करीब 11 बजे इंडेन गैस टैंकर नंबर ऋख 34 अ 8769 उज्जैन की ओर जा रहा था। बदनावर-उज्जैन बायपास पर टैंकर रॉन्ग साइड से आ रहा था। इसी दौरान टैंकर ने पहले बदनावर की ओर जा रहे पिकअप को टक्कर मारी।

# मुख्यमंत्री तीस मार खां हैं: अखिलेश यादव

## अपनी विदाई का खुद ही गाना गा रहे; पुलिसवालों को बेईमान बना दिया

एजेंसी

लखनऊ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- मुख्यमंत्री तीस मार खां हैं। मैं इसलिए कह रहा हूं कि उन्हें 30 से बहुत प्रेम है। महाकुंभ में मरे कितने? 30। कारोबार कितना हुआ? 30 करोड़। ये जो 30 मार खां वाला हिसाब-किताब है, यह हमारे मुख्यमंत्री के अलावा कोई नहीं दे सकता। तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा, यह जो तिकड़ी (सीएम और दोनों डिप्टी सीएम) है, यह काम बिगाड़ रही है। अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ के सपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। होली पर सीएम के गोरखपुर जाने पर उन्होंने कहा- वो अपनी विदाई का खुद ही गाना गा रहे हैं। भाजपा सरकार में मेडिकल कॉलेज में इलाज नहीं मिल रहा है। इन लोगों ने पुलिस को बेईमान बना दिया है। सपा सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करती है।



### सीएम उर्दू का विरोध भी उर्दू में ही कर रहे हैं

उर्दू भारतीय भाषा है, यहीं पर जन्मी भाषा है। सीएम उर्दू का विरोध भी उर्दू में ही कर रहे हैं। उनका भाषण अगर सुनोगे तो खुद बता दोगे कि उन्होंने उर्दू के कितने शब्द इस्तेमाल किए हैं। नजूल विधेयक पर अखिलेश ने कहा- सीएम को लगा था कि यह उर्दू वालों, यानी मुसलमानों का है, इसलिए यह बिल लाए थे।

### पीडीए समाज के खिलाफ भी नफरत फैलाएंगे

अभी ये मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं। आने वाले समय में पीडीए समाज के खिलाफ भी फैलाएंगे। हमें वो दिन भी याद है जब मैं मंदिर दर्शन करने गया, तो उन्होंने मंदिर धो दिया था। जब मैं मुख्यमंत्री आवास से निकला, तो वह भी धो दिया गया। दिल्ली के कहने पर देहरादून वाले लखनऊ वालों के खिलाफ बोल रहे हैं। आस्था पर किसी का एकाधिकार नहीं हो सकता।

# यमुना के 23 साइट्स वाटर क्वालिटी टेस्ट में फेल

एजेंसी

नई दिल्ली, यमुना नदी के 33 में से 23 साइट्स वाटर क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं। यहां पानी में ऑक्सीजन की मात्रा लगभग जीरो पाई गई है। वाटर रिसोर्स पर बनाई गई पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ने यह जानकारी दी है। स्टैंडिंग कमेटी ने मंगलवार (11 मार्च) को यह रिपोर्ट संसद में पेश की है। 33 साइट्स की मॉनिटरिंग के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें दिल्ली के भी 6 साइट्स शामिल हैं। पैनल के मुताबिक 23 साइट्स की रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई है। इन जगहों पर पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर जीरो पाया गया है। घुलित ऑक्सीजन नदी के जीवन को बनाए रखने की क्षमता को दशार्ता है। दिल्ली में ऊपरी यमुना नदी सफाई परियोजना और नदी तल प्रबंधन पर अपनी रिपोर्ट में पैनल ने चेतावनी दी कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के निर्माण और अपग्रेडेशन के बावजूद प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से ऊंचा बना हुआ है। जनवरी 2021 से मई 2023 के बीच हुई जांच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ जनवरी 2021 से मई 2023 के बीच 33 स्थानों पर पानी की गुणवत्ता का आकलन किया। इसे घुलित ऑक्सीजन, पीएच, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फेकल कोलीफॉर्म (के चार प्रमुख पैरामीटर पर जांचा गया।


**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008। कार्य – मुंबई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-35 | 27.03.25ए 13रू00रू00 |

| क्र सं | लॉट संख्या | स्थान / क्षेत्र | | ई–नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1(Misc-Static-Service Promotional Kiosk) | 3 वर्ष की अवधि के लिए वीएपीआई स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क / उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई–नीलामी। | 1096 | 27-03-25, 13:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क / उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई–नीलामी। | 1096 | 27-03-25, 13:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-BCA-52-25-1(Misc-Static-Services Battery Operated Carts with Advertisement) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर 3 (तीन) बैटरी चालित गाड़ियों (बीओसी) की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के कार्य के लिए ई–नीलामी, ऑपरेटरों के साथ और बीओसी के शरीर पर विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति। | 1826 | 27-03-25, 13:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 27-03-25, 14:00:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-82 | 27-03-25, 14:00:00 |

| क्र सं | लॉट संख्या | स्थान / क्षेत्र | | ई–नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1(Advertising - Out of Home) | चर्चगेट स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 के पिलर वॉल्स के पश्चिम की ओर, सड़क की ओर मुख करके वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 730 | 27-03-25, 14:30:00 |
| 2 | ADVT-EBW-S1-13EMUExt-25-1 (Advertising - Train Exterior (Below Window)) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में 13 ईएमयू (10 ईएमयू जिनमें प्रत्येक में 12 कोच / कार हैं तथा 3 ईएमयू जिनमें प्रत्येक में 15 कोच / कार हैं) की बाहरी दीवार की सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करना। | 1826 | 27-03-25, 14:40:00 |
| 3 | ADVT-EBW-S1-15EMU12c-25-1 (Advertising - Train Exterior (Below Window)) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में 15 ईएमयू (प्रत्येक ईएमयू में 12 कोच होते हैं) की बाहरी दीवार की सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करना। | 1826 | 27-03-25, 14:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MMT-OSD-395-25-1(Advertising - On Station Premise (Digital)) | मुंबई सेंट्रल (मुख्य) स्टेशन के परिचालन क्षेत्र में 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 27-03-25, 15:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1(Advertising - On Station Premise (Digital)) | मरीन लाइन्स (एमईएल) में स्टेशन भवन पर एलईडी स्क्रीन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 27-03-25, 15:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 15:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | चर्नी रोड (सीवाईआर) स्टेशन पर प्लेटफार्म की दीवार और डिवाइडर की बाड़ पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 15:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-STC-OSN-377-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | सांताक्रूज़ (एसटीसी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 15:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | विले पार्ले (वीएलपी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 15:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:00:00 |
| 12 | ADVT-BCT-MX-OSN-373-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:10:00 |
| 11 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक | 1096 | 27-03-25, 16:30:00 |
| 14 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | मरीन लाइन्स (एमईएल) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:40:00 |
| 15 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | खार (झभ।त) में पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:50:00 |
| 16 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन के प्लेटफार्मों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:00:00 |
| 17 | ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:10:00 |
| 18 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 27-03-25, 17:20:00 |
| 19 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (एमएमसीटी) पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:30:00 |
| 20 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | लोअर परेल (पीएल) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:40:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www-ireps-gov-in) पर ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध है। 1176

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly Follow us on: X x.com/WesternRly

## संक्षेप

### चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार का खुलासा

**महोना में 7 साल से चल रही वसूली, आरोपी कानूनगो ने कहा- सभी कर्मचारी शामिल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, चकबंदी कार्यालय में तैनात कानूनगो चंद्र प्रकाश मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में वे विभाग के कई लेखपालों और कानूनगो पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। मिश्रा के मुताबिक, महोना पूरब ग्राम पंचायत में पिछले 7 सालों से केवल सर्वे का काम चल रहा है। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों ने बोरिंग और बाग दर्ज करने के नाम पर जनता से वसूली की है। बाजार शुक्ल की ग्राम पंचायत महोना पूरब में 2018 में चकबंदी की प्रक्रिया शुरू हुई थी। सबसे पहले चकबंदी समिति का गठन किया गया। फिर सर्वे का काम शुरू हुआ। लगभग 2400 गाटा संख्या का सर्वे करने में अब तक 7 साल से ज्यादा का समय लग चुका है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। ग्राम सभा चकबंदी समिति ने फरवरी में ही कानूनगो पर घूस लेने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। यह पहली बार नहीं है जब चकबंदी विभाग पर घूसखोरी के आरोप लगे हैं।

### होली पर बांदा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**5 सुपर जोन में बंटा जिला, 700 पुलिसकर्मी तैनात; ड्रोन से रखी जा रही नजर**

बांदा, होली और आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पूरे जिले को 5 सुपर जोन, 17 जोन और 103 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा व्यवस्था में 5 क्षेत्राधिकारी, 18 थाना प्रभारी और 11 अतिरिक्त निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इनके अलावा 185 उपनिरीक्षक और 700 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। एक कंपनी पीएसी और 7 क्यूआरटी टीम भी तैनात की गई हैं। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। मोबाइल पार्टियां अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। होलिका दहन स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की टीमें भी तैनात की गई हैं। जगह-जगह बनाए गए प्वाइंट यातायात पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए जगह-जगह चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। अफवाहों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल 24 घंटे सक्रिय रहेगी। मिलजुलकर मनाएं त्योहार एसपी अंकुर अग्रवाल ने लोगों से अपील की है कि सभी मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन करें और नशे में वाहन न चलाएं।

# प्रयागराज में निकली अनूठी हथौड़ा बारात

## दूल्हा बने हथौड़े का काजल लगाकर नजर उतारी, होली की शुरूआत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, संगम नगरी में होलिका दहन की पूर्व संध्या पर एक अनूठी परंपरा 'हथौड़ा बारात' निकाली गई। केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज, चौक से शुरू हुई इस बारात में हथौड़े को दूल्हा बनाया गया। बारात में गुलाबी साफा पहने बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। संयोजक संजय सिंह ने दूल्हा बने हथौड़े का काजल लगाया। राई, नून और मिर्च से नजर उतारी और बलइयां लीं। कुरीतियों के प्रतीक कद्दू को हथौड़े से तोड़ा गया। मूसर नवाचन के बाद लालटेन से आरती उतारी गई। गाजे-



बाजे, ढोल-भांगड़ा और आतिशबाजी के साथ बारात कॉलेज परिसर से निकली। यह खोवा मंडी, घंटाघर और जीरो रोड होते हुए विद्यापीठ पहुंची। बारात में घोड़े, ऊंट और हजारों लोगों ने नृत्य किया। संयोजक संजय सिंह के अनुसार, यह प्रयागराज की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है।

मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ने विष्णु जी के कहने पर तपस्या कर हथौड़ा बनाया। इसकी उत्पत्ति प्रयागराज में हुई। इसलिए यहां होली की शुरूआत हथौड़ा बारात से होती है।

इस पारंपरिक विवाह में दूल्हा हथौड़ा होता है। बारात में चवन्नीकम, लेहड़ीबूची, छुरियल जैसे व्यंग्यपरक रूपक शामिल रहते हैं। ये सभी हास्य-व्यंग्य का अनूठा रंग भरते हैं।

# छावनी बन गया पुराना शहर

## होली-जुमा पर विशेष चौकसी, पुलिस ने किया रूट मार्च, पीएसी और आरएएफ का भी पहरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, होली और रमजान एक साथ पड़े हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन खासा सतर्क है। खासकर होली उल्लास, रंगों के के बीच रमजान के जुमा पर कोई हंगामा, बवाल न हो इसे लेकर सुरक्षा के खास इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रयागराज के पुराने शहर में पुलिस, पीएसी और आरएएफ की तैनाती की जा रही है। खासकर मिलीजुली आबादी वाले इलाकों में मस्जिदों के आसपास फोर्स की तैनाती की गई है। रंगों के त्योहार में खलल न पड़े इसे लेकर शहर और गंगापार, यमुनापार में रूट मार्च किया गया। शहर के कई इलाके अति संवेदनशील माने जाते हैं। ऐसे में होली के हुड़दंग के दौरान विवाद न हो इसे लेकर खास तैयारी है। चौक, घंटाघर, नखासकोहना, खुल्दाबाद, नूरुल्ला रोड, सुलाकी चौराहा, बहादुरगंज, मुट्ठीगंज, कीडगंज, चकिया, करेली, बेनीगंज, अकबरपुर, शाहगंज, दरियाबाद, रोशनबाग, कटरा आदि इलाकों में मिलीजुली आबादी वाले इलाकों पर पुलिस की निगाह है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह गश्त करें। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने सभी एसीपी के साथ पुराने शहर में गश्त की। रूट मार्च भी निकाला गया। साथ ही पीस कमेटी, पार्षदों, कारोबारियों, समाजसेवियों के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द से होली मनाने की बात कही गई। पुलिस की टीमें सोशल मीडिया पर भी निगरानी कर रही हैं ताकि कोई फर्जी फोटो, वीडियो अपलोड कर अफवाह न फैलाए।

# डीएम-एसपी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाई होली

- रंग-गुलाल लगाकर बांटी मिठाइयां, त्योहार को पारंपरिक तरीके मनाने की अपील की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, होली के एक दिन पहले जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों के साथ होली का त्योहार मनाया। गौरीगंज के राजगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचे अधिकारियों का



बुजुर्गों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सभी बुजुर्गों को मिठाइयां बांटी। अधिकारियों ने वृद्धजनों को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनता से होली को धूमधाम से मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह या अनावश्यक टिप्पणी न करें। त्योहार को पारंपरिक ढंग से सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि वह पूरी तरह से जनपद के लोगों के साथ है और त्योहार में किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी।

# होली पर बिहार में शराब की तस्करी का प्रयास नाकाम

## सुलतानपुर के लंभुआ स्टेशन से 70 हजार की शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जीआरपी ने लम्भुआ रेलवे स्टेशन से अवैध शराब तस्करी का एक बड़ा मामला पकड़ा है। पुलिस ने प्लेटफॉर्म नंबर 1 के वाराणसी छोर से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 70 हजार रुपये की शराब बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपियों में बिहार के पटना जिले के दो युवक वैभव राज (19 वर्ष) और रौशन कुमार (20 वर्ष) शामिल हैं। तीसरा आरोपी सुलतानपुर के जयसिंहपुर का रहने वाला अमन तिवारी (25 वर्ष) है। पुलिस ने इनके पास से 344 टेट्रा पैक और 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह सारी शराब 12 बैग में भरी हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अलग-




अलग ठेकों से शराब खरीदकर बिहार में ले जाते हैं। वहां इसे महंगे दामों पर बेचते हैं।

होली के मौके पर अधिक मुनाफा कमाने की योजना थी। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि इससे पहले भी वे कई बार इसी तरह शराब की तस्करी कर चुके हैं। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

डीएसपी रेलवे अमित सिंह के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप-निरीक्षक अभिषेक मिश्रा की टीम ने यह सफलता हासिल की।

# होली का रंग बाजार में छाया



- हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा, मोदी-योगी वाली पिचकारी का क्रेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, होली के त्योहार को लेकर बाजार में उत्साह का माहौल है। शहर के विभिन्न हिस्सों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। इस वर्ष हर्बल गुलाल की मांग सबसे अधिक देखी जा रही है। महेश्वरी देवी चौराहे और कालू कुआं समेत कई स्थानों पर होली सामग्री की दुकानें लगी हैं। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों वाली पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं। इस बार बाजार में एक नई तकनीक वाला गुलाल कैन पेश किया गया है। यह हाई प्रेशर से गुलाल छोड़ता है, जिससे दूर तक रंग पहुंच सकता है। बच्चों के लिए स्पेशल वाटर बैलून पैकेट भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार, ग्राहकों का रिस्पांस बेहद अच्छा है। होली के त्योहार से पहले के दो दिनों में सबसे ज्यादा खरीदारी होती है। बाजार में कई नई वैरायटी के रंग और पिचकारियां उपलब्ध हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं।


# चेंबर में बैठकर रिश्वत लेते दिखा बाबू

## समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार, अधिकारी पर लगाया था पैसे मांगने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। विभाग में तैनात बाबू का रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में बाबू अपने चेंबर में बैठकर कई लोगों से पैसे लेता दिख रहा है।

यही बाबू गोकुल प्रसाद कुछ दिन पहले समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला पर आरोप लगा चुका है। उसने कहा था कि अधिकारी ने जबरन उसकी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। इस मामले की जांच विभागीय मंत्री के आदेश पर चल रही है। बाबू गोकुल प्रसाद पर पहले भी कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। प्रशासन ने इन मामलों में सिर्फ कागजी कार्रवाई की है।




समाज कल्याण विभाग में सामूहिक विवाह, वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना और अनुसूचित जाति सहायता योजना जैसी कई योजनाएं चलती हैं। अपना कल्याण करने में जुटा विभाग आरोप है कि इन योजनाओं की फाइलें पास करने के लिए बड़े पैमाने पर रिश्वत ली जाती है। विभाग की स्थापना समाज के पीड़ित वर्ग के कल्याण के लिए की गई थी। लेकिन अब यह विभाग अवैध वसूली कर अपना कल्याण करने में जुटा हुआ है। विभाग इस समय पूरी तरह से भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा हुआ है।

# 100 साल पुरानी अलीगढ़ की टेसू के फूल की होली

## एक दिन पहले भिगोए जाते हैं फूल, अगले दिन व्यापारी खेलते हैं होली; त्वचा रोग में मिलती है राहत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, यूं तो मथुरा की होली पूरे देश में सबसे अनोखी है। लेकिन ब्रज क्षेत्र अलीगढ़ में खेली जाने वाली टेसू के फूलों की होली का भी अलग इतिहास है। होली खेलने वालों ने शायद टेसू, चोबा, अगरू, अरगजा और कुमकुमा का नाम सुना भी नहीं होगा। लेकिन यह वह प्राकृतिक फूल हैं, जिनके प्राकृतिक रंग तैयार किए जाते हैं और उसके बाद इससे होली खेली जाती है। अलीगढ़ में व्यापारी होलिका दहन वाले दिन की सुबह टेसू के फूलों की होली खेलते हैं। जो पूरे ब्रज क्षेत्र में सबसे अलग है। लकिन अलीगढ़ में खेली जाने वाली टेसू के फूलों की होली का महत्व सबसे अलग है। इस दिन सारे बाजार बंद रहते हैं



और व्यापारी हर साल होली से एक दिन पहले व्यापारियों की होली होती है। यह होली इसलिस खास होती है, क्योंकि यह पूरे तरीके से प्राकृतिक रंगों से ही खेली जाती है। अलीगढ़ में खेली जाने वाली टेसू की फूलों की होली का इतिहास 100 साल से ज्यादा पुराना है। धीरे-धीरे लोग शायद आधुनिक रंगों के सामने इन फूलों से तैयार होने वाले रंगों को भूल भी जाते। लेकिन जिले के व्यापारियों ने इस अनोखी परंपरा को बचाकर रखा है। हर साल होली से एक दिन पहले होलिका दहन वाले दिन व्यापारियों की होली होती है। इस दिन पूरे बाजार बंद रहते हैं और व्यापारी टेसू के फूलों की होली खेलते हैं। इस साल यह होली गुरुवार 13 मार्च को खेली जाएगी। सुबह 10 बजे से ही बाजारों में रंग चलना शुरू हो जाएगा, जो दोपहर 3-4 तक जारी रहेगा। टेसू के फूलो की होली खेलने के लिए व्यापारी रात में ही प्राकृतिक फूलों को पानी के ड्रम में डूबोकर रख देंगे। सारी रात टेसू के यह फूल पानी में भीगते रहेंगे और फिर सुबह तक सुगंधित और प्राकृतिक रंग तैयार हो जाएगा। जिससे व्यापारी प्राकृतिक फूलों से तैयार इन रंगों से जमगर होली खेलेंगे और जमकर धमाल मचाएंगे। व्यापारियों की यह होली देखने लायक होती है और इस दिन जमकर धमाल होता है। इस दिन सड़क पर निकलने वालों की भी खैर नहीं होती।

# महिला से छेड़छाड़ में एफआईआर

## जीजा ने रसोई में पकड़कर की छेड़छाड़, धमकी दी- एक्सीडेंट कराकर हत्या कर देंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने जीजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके जीजा देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू उसके घर आ गए। आरोपी मोतिगरपुर थाना अंतर्गत एक गांव का रहने वाला है। पीड़िता के मुताबिक, घर में अकेला पाकर आरोपी ने रसोई में घुसकर उसके




साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

आरोपी ने पीड़िता का दुपट्टा फाड़ दिया और आबरू लूटने की कोशिश की। पीड़िता को दी धमकी पीड़िता के चिल्लाने पर आस-पड़ोस के लोग आ गए और आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने तुरंत वूमेन पावर लाइन 1090 पर सूचना दी। भागते समय आरोपी ने धमकी दी कि वह पीड़िता का बलात्कार करेगा, एक्सीडेंट कराकर हत्या कर देगा। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि वह बेहद भयभीत है और किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। एसओ मोतिगरपुर प्रवीण कुमार यादव ने बताया तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# होली पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

## अमेठी में 338 जगह छापेमारी, 863 लीटर अवैध शराब बरामद; 11 गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला,होली के त्योहार को देखते हुए आबकारी विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है। विभाग ने प्रवर्तन अभियान के तहत जिले में 338 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 863 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। कार्रवाई में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 38 मामले दर्ज किए गए हैं। होली को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क है। जिलाधिकारी निशा अनंत ने होली के दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने 14 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सभी देसी-विदेशी शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। इसमें भांग और डिनेचर्ड स्प्रिट की दुकानें भी शामिल हैं। बाजारों में होली की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोग अपने-अपने तरीके से होली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन का फोकस त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर है।

# देवकी नंदन ठाकुर ने हाइड्रोलिक पिचकारी से खेली होली

## प्रियकांत जू मंदिर में जमकर उड़ा अबीर गुलाल, सीएम योगी होलिका जलाने पहुंचेंगे गोरखपुर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, यूपी में होली का माहौल है। शहरों में रंग खेला जा रहा है। वृंदावन में देवकी नंदन ठाकुर ने हाइड्रोलिक पिचकारी से होली खेली। भक्तों ने प्रियकांत जू मंदिर में जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। बरेली की राम बारात में 10 हजार हुरियारे डांस कर रहे हैं। राम रथ निकाला जा रहा है। वाराणसी में बीएचयू के प्रोफेसर रंग खेल रहे हैं। वहीं अलीगढ़ के एएमयू में विरोध के बावजूद होली खेली जा रही है। एनआरएससी क्लब में छात्रों ने होली खेलने के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। यूपी के सभी शहरों में होलिका




सज चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ होलिका दहन के लिए गोरखपुर पहुंचेंगे। बांके बिहारी भक्तों के साथ होली खेलेंगे। वहीं मथुरा में कथावाचक देवकीनंदन महाराज हाईड्रोलिक पिचकारी से रंग खेलेंगे। आजमगढ़ में बुढ़वा बारात निकलेंगी। वहीं बरेली में राम बारात में हुरियारे रंग खेलेंगे। 13 मार्च को काशी पंचांग के अनुसार, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 10:37 बजे रात के बाद मध्य रात्रि तक होलिका दहन । जबकि मिथिला पंचांग के अनुसार 10:47 बजे रात्रि के बाद होलिका दहन बताया गया है। होली के रंग 14 मार्च को खेले जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।